


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें
फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट
930144443

वर्ष- 15 अंक - 183 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 17 अप्रेल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### गृहमंत्री शाह ने दी बधाई, कहा-जड़ से खत्म करेंगे नक्सलवाद

**कांकेर।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान से तीन दिन पहले बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ में 29 नक्सली मार गिराए। इस कामयाबी पर गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षाकर्मियों को बधाई दी है। गृहमंत्री ने कहा कि हम देश को नक्सलवाद के दंश से मुक्ति दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कांकेर जिले के हापाटोला के जंगल में मंगलवार दोपहर हुई मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में दुर्दांत शंकर राव भी है। नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद भी बरामद हुआ। मुठभेड़ में तीन जवान भी जख्मी हुए हैं। सीमा सुरक्षा बल और राज्य पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की संयुक्त टीम नक्सल रोधी अभियान के तहत छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के बीच हापाटोला जंगल में मार्च कर रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने अचानक टीम पर हमला कर दिया और गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों की जवाबी कार्रवाई में 29 नक्सली ढेर हो गए। ये सभी उत्तर बस्तर डीवीसी से जुड़े थे।

### चुनाव को प्रभावित करने के लिए षड्यंत्र रच रहे थे नक्सली - साय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कांकेर में 29 नक्सलियों के एनकाउंटर पर कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता है। इस मुठभेड़ में शामिल सभी जवानों और सुरक्षा अधिकारियों को बधाई। छत्तीसगढ़ के नक्सल मामलों के इतिहास की यह सबसे बड़ी सफलता है। सीएम हाउस में मीडिया से चर्चा में कहा कि नक्सली लोकतंत्र में आस्था नहीं रखते और हर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को हिंसात्मक गतिविधि से प्रभावित करते हैं। इस मामले में भी ऐसा लगता है कि नक्सली चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश में थे। वो चुनाव बहिष्कार और अन्य तरह से चुनावी संभावनाओं को प्रभावित करने का षड्यंत्र रचते रहे हैं। इस बार भी वे बड़ी वारदात को कोशिश में थे, जिसे सीमा सुरक्षा बलों और पुलिस ने नाकाम कर दिया है।

### नक्सलियों ने उपसरपंच को उतारा मौत के घाट

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ में कई बड़ी नक्सली घटनाएं होने की खबर सामने आती रहती है। इसी बीच एक और बड़ी नक्सली वारदात की खबर सामने आई है। यहां नक्सलियों ने एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं इस घटना के बाद जवानों की टीम ने सर्चिंग शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने उपसरपंच के पद पर पदस्थ ग्रामीण को मंगलवार रात मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं इस वारदात के बाद पुलिस बल, डीआरडी, आईटीबीपी की टीम जांच में जुट गई है। साथ ही एसपी नारायणपुर प्रभात कुमार झा ने इस वारदात की पुष्टि की है।

### भारत अब खुद बनाएगा बुलेट ट्रेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वंदे भारत एक्सप्रेस के बाद अब भारत स्वदेशी बुलेट ट्रेन की भी तैयारी कर रहा है। कहा जा रहा है कि प्रस्तावित ट्रेन की भारत की सबसे तेज रेलगाड़ी होगी। फिलहाल, इसकी डिजाइन पर काम जारी है। खासबात है कि विश्व स्तर पर 250 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ने वाली रेलगाड़ियों को हाईस्पीड ट्रेन कहा जाता है। इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक अधिकारी ने कहा, 'इसे वंदे भारत प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जा रहा है, जो पहले ही 220 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार को छू सकती है।' चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में डिजाइन पर काम किया जा रहा है। रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि ये ट्रेन फिलहाल भारत में दौड़ रहीं किसी भी ट्रेन से तेज होंगी।

# 11 सीटों पर पड़ेगी बस्तर की छाप!

## आज थमेगा चुनावी शोर, भाजपा व कांग्रेस समेत कुल 11 प्रत्याशी है मैदान में, प्रशासन ने पूरी की तैयारियां

### भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत

छत्तीसगढ़ में बस्तर की इकलौती सीट पर होने जा रहे मतदान से पहले भाजपा व कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों दलों के बड़े नेताओं ने यहां आमसभाएं कर जनमानस को अपने पक्ष में करने की कोशिश की है। भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बस्तर में सभाएं कर चुके हैं। वहीं कांग्रेस से राहुल गांधी ने हाल ही में रैली की थी। भाजपा ने इस सीट से महेश कश्यप के मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा को उम्मीदवार बनाया है। माना जा रहा है कि इस बार बस्तर में दोनों दलों के बीच कांटे की टक्कर हो सकती है। दोनों दलों के प्रत्याशी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। इस संसदीय सीट से कवासी लखमा ने अपने बेटे के लिए टिकट मांगी थी।



### निर्दलियों का रहा है वर्चस्व

बस्तर से मौजूद सांसद पीसीसी चीफदीपक बैज हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद दीपक बैज ने यहां से जीत दर्ज की थी। हालांकि 2023 विधानसभा चुनाव में दीपक बैज चित्रकोट से चुनाव हार गए। यह सीट पहली बार साल 1952 में अस्तित्व में आई थी। 1952 लोकसभा चुनाव से लेकर साल 1996 तक इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार जीतते रहे। वहीं साल 1998 से लेकर 2014 तक इस सीट पर भाजपा का कब्जा रहा। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। बस्तर की जनता आधुनिक दुनिया से दूर होने के बावजूद कितनी जागरूक है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत में 1952 में हुए पहले चुनाव में कांग्रेस या अन्य दलों को छोड़कर यहां की जनता ने निर्दलीय प्रत्याशी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजा था। पहले आम चुनाव में यहां से निर्दलीय प्रत्याशी मुचाकी कोसा ने जीत हासिल की थी। मुचाकी ने कांग्रेस प्रत्याशी सुरती को करीब डेढ़ लाख मतों से हराया था। सुरती को लगभग 36 हजार वोट मिले थे। निर्दलीय उम्मीदवार मुचाकी कोसा ने 83.05 प्रतिशत वोट की रिकॉर्ड जीत हासिल की थी। आज तक कोई भी उम्मीदवार इस रिकॉर्ड को तोड़ नहीं पाया है। इसके बाद के इतिहास में अधिकतम वोट कांग्रेस के मनकूराम सोढ़ी के नाम पर है। 1984 के चुनाव में उन्हें 54.66 प्रतिशत वोट मिले थे।

### पहले चरण में कहां-कहां वोटिंग

देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को वोटिंग होगी। पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव आयोग की तरफसे तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह छह बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी। पहले चरण की 102 सीटों में सबसे ज्यादा तमिलनाडु की 39 सीटें हैं, जहां वोटर उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। इसके साथ ही राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की 5, अरुणाचल प्रदेश की 2, बिहार की 4, छत्तीसगढ़ की 1, असम की 4, मध्यप्रदेश की 6, महाराष्ट्र की 5, मणिपुर की 2, मेघालय की 2, मिजोरम की 1, त्रिपुरा की 1, पश्चिम बंगाल की 3, जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्ष्यद्वीप और पुडुचेरी की एक सीट पर मतदान होगा।

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान है। वोटिंग से 48 घंटे पहले बुधवार शाम पांच चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। हालांकि प्रचार थमने के बाद प्रत्याशी डोर टू डोर संपर्क कर सकते हैं। क्योंकि छत्तीसगढ़ में सबसे पहले बस्तर की इकलौती सीट पर वोटिंग होनी है, ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि बस्तर की छाप राज्य की सभी 11 सीटों पर पड़ेगी।

इससे पहले भाजपा, कांग्रेस के साथ अन्य प्रत्याशियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी है। बस्तर लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। बस्तर संसदीय सीट के चुनाव में कुल 11 प्रत्याशी आमने-सामने हैं। बतादें कि कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया था। एक अभ्यर्थी का नामांकन पत्र खारिज होने के बाद 11 प्रत्याशी बच गए। इस सीट पर मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला है। भाजपा ने महेश कश्यप को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस के पूर्व मंत्री कवासी लखमा मैदान में हैं।

चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे क्षेत्र में 1 लाख से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है। चुनाव प्रचार की अवधि खत्म होने के बाद ऐसे सभी लोगों को निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा, जो वहां के मतदाता नहीं हैं। इसके लिए होटल, लाज और धर्मशालाओं की जांच होगी। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को चुनाव कराने पोलिंग पार्टियां एक दिन पहले ही रवाना हुई थी। नक्सल क्षेत्र में सभी मतदानकर्मियों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। कोंटा, बीजापुर और नारायणपुर से पी-3 के तहत मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया है। विधानसभा कोंटा के 26 मतदान केंद्र, नारायणपुर के 33 और बीजापुर के 76 मतदान केंद्रों के लिए दलों को रवाना किया गया। दलों की रवानगी के दौरान तीनों विधानसभा के जिला निर्वाचन अधिकारी भी मौजूद रहे और मतदान दलों की हौसला अफजाई की।

बस्तर लोकसभा क्षेत्र में कुल 14 लाख 72 हजार 207 मतदाता 19 अप्रैल को वोट डालेंगे। बस्तर सीट के लिए चुनाव आयोग ने कुल 1961 मतदान केंद्र बनाए हैं, जिनमें से 96 बहुत ही संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। मंगलवार को बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर में 56 मतदान दलों के 336 मतदानकर्मियों को हेलिकॉप्टर से भेजा गया। वहीं आज बुधवार को भी 100 मतदान दलों के कर्मियों को भेजा गया है।

### सभा, रोड और जुलूस पर पाबंदी

बुधवार शाम से सार्वजनिक सभा, रोड शो और जुलूस के कार्यक्रमों पर रोक लग जाएगी। मतदान से 48 घंटे पहले चुनावी शोर थम जाता है। वैसे, पहले चरण में जिन राज्यों की सीटों पर वोटिंग होनी है, वहां भाजपा व कांग्रेस के स्टार प्रचारक अंतिम जोर आजमाइश कर रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से पीएम नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत अन्य नेता शामिल हैं। पहले चरण में 21 राज्यों में 102 सीटों पर मतदान होना है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने बंपर बहुमत के साथ जीत हासिल की थी। 2024 में एनडीए 400 प्लस के नारे के साथ अपने पुराने प्रदर्शन से बेहतर करने कोशिश में है। दूसरी ओर इंडिया गठबंधन भी एनडीए के विजय रथ को रोकने की कोशिश में लगा हुआ है। बीजेपी के सामने सबसे बड़ी चुनौती उन सीटों पर अपने वर्चस्व को बचाएं रखना है, जहां उसने 2019 में जीत हासिल की थी। वहीं, इंडिया गठबंधन अभेद किला में सेंधमारी के प्रयास में दमखम के साथ जुटा है।

## कांकेर से मानपुर तक था शंकर राव का खौफ

### 25 लाख के ईनामी नक्सली को जवानों ने कर दिया ढेर

श्रीकंचनपथ न्यूज़





**कांकेर।** छोटा बेठिया जंगल के माड़ इलाके में हुई मुठभेड़ में इलाके के टॉप नक्सल लीडर शंकर राव के मारे जाने का दावा किया जा रहा हैं। शंकर राव पर पुलिस की तरफसे 25 लाख रुपए का इनाम घोषित था। शंकर राव माओवादियों के कांकेर ग्रुप को लीड कर रहा था। वह नक्सलियों के बेहद शातिर नेताओं में शुमार था जिसका खौफ कांकेर से लेकर मानपुर-मोहला के जंगलों में था। वह कई वारदातों में सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस को शंकर राव की लम्बे वक्त से तलाश थी। मूलतः तेलंगाना का रहने वाला शंकर राव कांकेर में बड़ी सभा का नेतृत्व कर रहा था। इसके लिए छोटे बेठिया के जंगल में नक्सलियों ने कैम्प किया था। लेकिन दूसरी तरफ उन्हें तैयार बैठी पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से उनके कैम्प तक घुसपैठ कर ढेर कर दिया। इस मुठभेड़ में 29 माओवादी मारे गए।

कांकेर के जंगल में हुए भीषण पुलिस-नक्सली मुठभेड़ का एक वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो रहा हैं। बताया जा रहा हैं कि यह वीडियों ताजा हैं और सुरक्षाबलों ने इसे तैयार किया हैं। करीब 1 मिनट 4 सेकेण्ड के वीडियों में देखा जा सकता हैं कि जवाबी फायरिंग के बाद डीआरजी और बीएएसएफ की टीम कितनी सतर्कता से पहाड़ पर चढ़ रही हैं। इस दौरान वे एक-दूसरे को निर्देश देते भी नजर आ रहे हैं। इधर, कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ के बाद मारे गए नक्सलियों का शवों को आज कांकेर लाया गया। घायल जवानों को जंगल से निकालने के लिए अतिरिक्त बल रवाना किया गया था। इसके लिए चॉपर और एम्बुलेशन की मदद ले गई।

बताते हैं कि एंटी नक्सल आपरेशन में निकले जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई थी। मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर समेत तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के जवान बताए जा रहे हैं। उनका उपचार रायपुर में जारी हैं जिनसे खुद गृहमंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात की। गृहमंत्री ने जवानों की जाँबाजी की जमकर तारीफ की और एंटी नक्सल आपरेशन के दौरान सावधानी बरतने की सलाह भी की। बस्तर में चुनाव से पहले नक्सलियों के खिलाफ इतने बड़े आपरेशन की प्रदेश से लेकर दिल्ली तक सराहना की जा रही है। माना जा रहा था कि नक्सली चुनाव से पहले बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। जो खबरें अब तक सामने आई है, उसके मुताबिक टॉप नक्सल लीडर शंकर राव चुनाव के दौरान हिंसा फैलाने के लिए ही नक्सलियों की बैठक ले रहा था। इसकी भनक फोर्स को लगी और फोर्स ने सीधे उसी जगह पर धावा बोला, जहां नक्सलियों की बैठक चल रही थी। मौके पर बड़ी संख्या में माओवादी एकत्रित थे, इसलिए भी फोर्स को बड़ी कामयाबी मिली और एक साथ 29 माओवादियों को मार गिराया गया।

## गृहमंत्री ने जवानों की पीठ ठोंकी, सावधानी बरतने की दी सलाह

श्रीकंचनपथ न्यूज़



**रायपुर।** नक्सलियों के खिलाफ कांकेर में मिली बड़ी कामयाबी से अर्धसैनिक बल और बस्तर पुलिस का हौसला सातवें आसमान पर हैं। इस उत्साह में शामिल होने वालों में खुद प्रदेश के होम मिनिस्टर विजय शर्मा भी हैं। इस एनकाउंटर में घायल जवानों को जैसे ही रायपुर लाया गया वे अस्पताल पहुंचे और उनसे बात की। इस दौरान विजय शर्मा ने कांकेर में मौजूद उन जवानों से भी वीडियों कॉल पर बातचीत की जो इस पूरे ऑपरेशन में शामिल थे। इस बातचीत में विजय शर्मा ने जवानों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुठभेड़ में शामिल सभी जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए सावधानी बरतने की सलाह भी दी।

छोटा बैठिया के जनागल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के बाद सभी मारे गए नक्सलियों के शव को कांकेर ले आया गया हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के पहले सभी मारे गए नक्सलियों की तस्वीरें जारी की हैं। दोपहर तक शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा हैं। वहीं कांकेर पुलिस आज ही प्रेस कांफ्रेंस भी करने वाली है। मुठभेड़ में 29 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की एसपी कल्याण एलीसेला ने पुष्टि की है। एसपी ने जानकारी देते हुए कहा कि टॉप नक्सल कमांडर शंकर राव मारा गया है। शंकर राव 25 लाख का इनामी था। मुठभेड़ में 4 एके 47 रायफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

मुठभेड़ में बीएसएफइंस्पेक्टर समेत तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के जवान बताए जा रहे हैं। उनका उपचार रायपुर में जारी हैं जिनसे खुद गृहमंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात की हैं। बता दें कि दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर में लोकसभा चुनाव होने हैं। उसके पहले ये बड़ी मुठभेड़ हुई है। छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। 19 अप्रैल को पहले चरण में बस्तर में मतदान होना है। ऐसे में चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिया है। इलाके में सर्चिंग जारी है।

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का सूर्यतिलक

श्रीकंचनपथ




पापा, ये तो पेरिस्कोप है। सातवीं का छात्र अभिषेक उछल पड़ा। साइंस मॉडल प्रतियोगिता में उसने भी अपने शिक्षक की मदद से पेरिस्कोप बनाया था। उन्हें बताया गया था कि पनडुब्बियों में इसका उपयोग किया जाता है। पनडुब्बी गहरे पानी में डूबी हुई होती है जहां पेरिस्कोप उसकी आंखों का काम करती है। पेरिस्कोप में कई मोड़ हो सकते हैं जिसमें से रोशनी की दिशा बदलते हुए उसे आगे ले जाने के लिए दर्पणों का उपयोग किया जाता है। चित्र साफदिखे इसके लिए लेंसों का उपयोग किया जाता है। इसका एक छोर पनडुब्बी के भीतर होता है जबकि दूसरा छोर पानी की सतह से ऊपर निकला होता है। इस तरह एक सामान्य से उपकरण ने इस बच्चे को भी श्रीराम मंदिर से जोड़ दिया। अभिषेक ने कई प्रश्न पूछकर इस पेरिस्कोप के बारे में अपनी जिज्ञासा को शांत किया। आज सभी भारतियों के लिए उल्लास का दिन है। पहली बार उनके आराध्य प्रभु श्रीराम अपना जन्मदिवस अपने जन्मस्थान पर पूर्ण वैभव के साथ मना रहे हैं। प्रभु श्रीराम सूर्यवंश के 64वें राजा थे। उनसे पहले इस वंश में इक्ष्वाकु, पृथु, सगर, भगीरथ, रघु और दशरथ जैसे ख्यातनाम राजा हुए। इसलिए आज उनके जन्मदिवस पर उनका सूर्यतिलक किया जा रहा है। मान्यता है कि जब दशरथ नंदन राम का जन्म हुआ, तब सूर्य ने अयोध्या पहुंचकर अपना रथ रोक दिया था। लगभग एक माह तक अयोध्या में दिन था। इस तरह के किस्से कुछ और मंदिरों से भी जुड़े हुए मिल जाते हैं जिनके बारे में मान्यता है कि उनका निर्माण छमासी रात में किया गया था। मंदिर भारत में न केवल आस्था का बल्कि विभिन्न कला, संस्कृति और आर्थिक गतिविधियों का भी केन्द्र रहे हैं। यहां होने वाले आयोजन न केवल सेवा प्रदाताओं को बल्कि छोटी से छोटी वस्तु बेचने वालों को रोजी-रोटी देते हैं। तीर्थ यात्रियों के लिए भोजन, पानी, विश्राम, परिवहन की व्यवस्था में लगे लोग इसी से अपनी आजीविका चलाते हैं। मंदिरों से जुड़ा ये जो व्यवसाय है उसके दरवाजे सभी धर्मों और पंथों के अनुयायियों के लिए खुले हैं। देश के कोने-कोने में स्थित तीर्थों एवं देवस्थानों पर इसका नजारा अनायास ही किया जा सकता है। दरअसल, इस देश के पास वह सबकुछ है जो उसे रोजगार के मामले में आत्मनिर्भर बना सकता है। आवश्यकता है तो केवल दृष्टिकोण बदलने की। धर्मप्राण इस देश में धार्मिक पर्यटन को कभी गंभीरता से लिया ही नहीं गया। अब दुनिया यह देखकर अवाक है कि अयोध्या जैसे एक छोटे से शहर में प्रतिदिन लाखों लोगों का आना-जाना हो रहा है। एक पूरी की पूरी अर्थव्यवस्था वहां खड़ी हो गई है। यह चमत्कार भी लोगों ने स्वयं अपने साधन-संसाधनों से किया है। धार्मिक पर्यटन का ऐसा विशाल स्वरूप इससे पहले तक केवल दक्षिण के कुछ मंदिरों में ही देखने को मिलता था। आने वाले समय में यह चमत्कार देश के अन्य भागों में भी देखने को मिल सकता है।





## संपादकीय

### लू और बारिश

भारत में सियासी तापमान के साथ ही मौसमी तापमान भी तेजी से बढ़ने लगा है। उत्तर भारत के अनेक इलाकों में लू का प्रभाव शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में महाराष्ट्र, उत्तरी गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। उत्तर भारत में कुछ इलाकों में चिलचिलाती गरमी से राहत रहेगी, पर ज्यादातर इलाके दिन के समय तपेंगे। कुछ जगहों पर बादल भी छाए हैं, पर बादल के हटते ही तापमान के सभी जगह तेज होने का अनुमान है। बिहार के करीब एक दर्जन जिलों में लू का माहौल है, पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। उत्तर प्रदेश के भी अनेक जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। तापमान या लू की चिंता इस साल इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि यह चुनावी समय है। बड़े पैमाने पर लोगों का आवागमन होगा और सभाओं का आयोजन होगा। अनेक जगहों पर हजारों लोगों की भीड़ जुटेगी और लोगों को परेशानी होगी। ऐसे में, अगर तापमान 40 या 45 के पार रहता है, तो संकट सताएगा। मौसम प्रतिकूल होने से चुनाव प्रचार के साथ ही मतदान प्रतिशत भी प्रभावित हो सकता है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है, विगत दशकों से लोकसभा चुनाव मार्च-अप्रैल-मई में ही होते आए हैं, पर तापमान के मद्देनजर सभी को सावधान रहना होगा। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, मई का महीना तपेगा। चिंता इसलिए भी ज्यादा है कि पिछला साल 2023 वर्ष 1901 के बाद सबसे गरम रहा था। क्या साल 2024 से हम राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस साल गरमियों में कुछ इलाकों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के पार भी जा सकता है। शहरों को विशेष रूप से जल की व्यवस्था दुरुस्त रखनी पड़ेगी। खैर, आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान का अनुमान नहीं लगाया जा सकता, पर आने वाली बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने लगा लिया है। इस साल जून और सितंबर के बीच सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश होने की संभावना है। ध्यान रहे, पिछले वर्ष देश में सामान्य से कम बारिश हुई थी, इसलिए इस बार सामान्य से अधिक बारिश किसी खुशखबरी से कम नहीं है। पूर्वानुमान के अनुसार, देश भर में वर्षा की कुल मात्रा पांच प्रतिशत की त्रुटि आशंका के साथ लंबी अवधि के औसत का 106 प्रतिशत रहेगी। वैसे मई के अंत में मौसम विभाग बारिश से जुड़े सुनिश्चित अनुमान लगाने में सक्षम होगा। फिलहाल, समुद्री तापमान के ढर्रे में अपेक्षित बदलाव और उत्तरी गोलार्ध में बर्फ की मात्रा को देखते हुए सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान लगाया गया है। अभी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मध्यम अल नीनो की स्थिति बनी हुई है। देश में सामान्य से अधिक मानसून की 31 प्रतिशत संभावना है, जबकि सामान्य से कम मानसून की 8 प्रतिशत संभावना है और कमजोर मानसून की केवल दो प्रतिशत संभावना जताई गई है। वास्तव में, हमें मौसम के बारे में समग्रता में सोचना चाहिए। ज्यादा गरमी भी ठीक नहीं और न ज्यादा बारिश, पर जलवायु परिवर्तन का जो हाल है, उसके अनुसार, हमें दोनों ही परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए। साथ ही, एक बार जरूर सोचना चाहिए कि अत्यधिक तापमान या अत्यधिक बारिश की स्थिति से बचने के लिए हम क्या कर सकते हैं। चुनाव के समय में पर्यावरण या मौसम राजनीति का केंद्रीय विषय भले न बना हो, पर लोगों के लिए यह विषय महत्वपूर्ण होना चाहिए।

> देश के अनेक क्षेत्रों में गरमी व लू ने परेशान करना शूरू कर दिया है, इस बीच खुशखबरी है कि इस साल सामान्य से अधिक बारिश की संभावना जताई गई है। भारत में सियासी तापमान के साथ ही मौसमी तापमान भी तेजी से बढ़ रहा है।

## प्रश्नकाल का आखिर कितना फायदा उठा पाईं विपक्षी पार्टियां

युगांक गोयल, एसोसिएट प्रोफेसर, फ्लेम यूनिवर्सिटी

कार्यपालिका से सवाल पूछने के लिए विधायिका के हाथ का एक सशक्त औजार है प्रश्नकाल। लोकसभा के प्रत्येक सत्र की शुरुआत दोपहर 11 बजे प्रश्नकाल से ही होती है, जिसमें सांसद तमाम नीतिगत मसलों पर जवाब हासिल करने के लिए मंत्रियों से सवाल पूछते हैं। इसके लिए सवालों को दो सप्ताह पहले संसद में रखना होता है, ताकि संबंधित मंत्री जवाब देने की तैयारी कर सकें। ऐसे वक्त में, जब देश अगली लोकसभा के गठन के लिए आम चुनाव में भाग लेने जा रहा है, हमने पिछले चार लोकसभा कार्यकाल में पूछे गए सभी तारांकित (मौखिक) प्रश्नों के विश्लेषण की सोची। चूंकि, प्रश्नकाल कार्यपालिका से विधायी पूछताछ है, इसलिए ऐसे विश्लेषणों से पार्टियों की मंशा के साथ यह जानकारी भी मिलती है कि मंत्रालयों में सवाल कैसे बांटे जाते हैं।

गौर कीजिए, प्रश्नकाल का उपयोग विपक्ष ही नहीं करता, सत्ता पक्ष के सदस्य भी करते हैं। सत्ता पक्ष के लोग अपनी ताकत या अपनी बातों को जनता के ध्यानार्थ लाने के अवसर के रूप में इसका उपयोग कर सकते हैं। हालांकि, हमने अपना अध्ययन विपक्षी दलों के सदस्यों के सवालों पर ही केंद्रित किया है। हमने उन सवालों का अध्ययन किया, जो गैर-पूरक थे और सिर्फ एक सदस्य द्वारा पूछे गए। 80 फीसदी से अधिक मौखिक प्रश्न ऐसे ही हैं, हालांकि इनसे एक दिलचस्प पैटर्न का पता चलता है। पिछली चार लोकसभाओं में प्रश्नकाल में करीब 10 हजार सवाल पूछे गए, यानी क्रमशः 2466, 2059, 2864 और 2347। इनमें से विपक्षी दलों ने क्रमशः 67 फीसदी, 63 फीसदी, 31 फीसदी और 51 फीसदी सवाल पूछे। जाहिर है, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की तुलना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) कहीं अधिक मुखर विपक्ष नजर आया। खासकर, एनडीए का नेतृत्व करने वाली भाजपा ने 2004-14 के दौरान 1,217 सवाल पूछे, जब संप्रग केंद्र की सत्ता में था। इसके विपरीत, 2014-24 के दौरान जब राजग सत्ता में था, तब कांग्रेस ने 644 सवाल पूछे। हालांकि, इसका एक पक्ष लोकसभा में विपक्ष की ताकत में असमानता भी हो सकता है। 2004 से 2014 के दौरान भाजपा के पास औसतन 127 सीटें थीं, जबकि 2014-2024 के दौरान कांग्रेस के पास औसतन 52 सीटें। इसलिए विपक्ष की भूमिका के आकलन के लिए हमें भाजपा-कांग्रेस की प्रतिद्वंद्विता से परे जाना होगा और प्रश्न-प्रति सीट की गणना करनी होगी। आंकड़े बताते हैं कि 2014-19 के दौरान विपक्ष सबसे कमजोर था, जब पूछे गए सवाल सीटों की संख्या से भी कम थे, यानी 0.815 सवाल-प्रति सीट। 2004-09, 2009-14 और 2019-24 में यह क्रमशः 1.15, 1.21 और 1.37 था, जिसका मतलब है कि विपक्ष की मजबूती के हिसाब से 2019-24 का प्रश्नकाल सबसे शानदार था। यहां यह जानना भी जरूरी है कि सांसद को सवाल पूछने का मौका देना अध्यक्ष का अधिकार है।

इसी तरह, यदि हम पार्टी के स्तर पर प्रश्नकाल का वर्गीकरण करें, तो 2004-14 के दौरान भाजपा 2014-24 की कांग्रेस की तुलना में कुछ शांत दिखती है। माकपा सबसे मजबूत स्वर साबित हुई है और उसके सवाल पूछने की दर पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है। 2004-09 में तेलुगु देशम और शिव सेना बहुत मजबूत थीं, पर अगली लोकसभा में वे दोनों कमजोर पड़ गईं। बीजद ने एक विपक्षी पार्टी की सुसंगत भूमिका निभाई है, हालांकि बाद की लोकसभा में वह भी शांत हो गई। 2014-19 में कहीं ज्यादा प्रश्न पूछने वाली समाजवादी पार्टी 2019-24 में पिछड़ गई। चूंकि विपक्षी दल मंत्रालयों की जांच करने के लिए प्रश्नकाल का उपयोग करते हैं, इसलिए हमने यह जानने का प्रयास किया कि किस मंत्रालय से ज्यादा सवाल पूछे गए। आंकड़े बताते हैं कि एक विपक्षी गठबंधन के रूप में एनडीए ने 2004-14 के दौरान संप्रग सरकार के पेट्रोलियम, मानव संसाधन, कृषि, वाणिज्य व उद्योग से जुड़े सवाल पूछे, जबकि 2014 में सत्ता से बेदखल होने के बाद संप्रग ने स्वास्थ्य, वित्त व ग्रामीण विकास से जुड़े मसले उठाए। बहरहाल, यह शोध अभी प्रारंभिक अवस्था में है, लेकिन राष्ट्रीय संदर्भ में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उम्मीद है, इससे सियासी दलों में संवेदनशीलता बढ़ेगी।


(साथ में श्रेयस रामकुमार)

**नजरिया**

> आम चुनाव में माओवादियों के सशस्त्र हस्तक्षेप की अब तक कोई उल्लेखनीय घटना नहीं घटी है, जिससे उम्मीद बंधती है कि उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में पूरा चुनाव शांतिपूर्वक होगा।

# लाल गलियारे में भी चुनावी बिगुल

विभूति नारायण राय,
पूर्व आइपीएस अधिकारी




झारखंड के लातेहार व गढ़वा और छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिलों की सीमाओं को छूता बूढ़ा पहाड़ 2024 के आम चुनावों में प्रतीकात्मक ही सही, इतने महत्वपूर्ण बिंब की तरह क्यों उभरा है? पचास से अधिक किलोमीटर विस्तृत और घने जंगलों वाला यह दुर्गम इलाका पिछले तीन दशकों तक कई प्रदेशों में फैले माओवादियों के ट्रेनिंग और कमांड सेंटर के तौर पर काम करता रहा है। सुरक्षा बलों के लिए लगभग अभेद्य इस इलाके में वाम अतिवादियों की ही चलती थी और यहीं से वे बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और महाराष्ट्र तक फैले लाल गलियारे में अपनी गतिविधियों का संचालन करते रहे हैं। पिछले कई आम चुनावों को उनके सशस्त्र हस्तक्षेप ने रक्त-रंजित तो किया ही, राज्य के सामने उनके प्रभाव क्षेत्रों में सही सलामत चुनाव करा पाना मात्र भी एक बड़ी चुनौती रही है। यह चुनौती काफी हद तक खत्म हुई 27 जनवरी, 2023 को, जब झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर बूढ़ा पहाड़ की चोटी पर उतरा और उन्होंने इलाके के विकास के लिए सौ करोड़ रुपये की योजनाओं की घोषणा की।

आजादी बाद से ही देश में कम्युनिस्ट पार्टी या पार्टियों ने एक ऐसा समाज बनाने का सपना देखना शुरू कर दिया था, जो शोषण-विहीन व समता मूलक हो और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वे समय-समय पर अपनी रणनीति बदलते रहे। एक बड़े सशस्त्र आंदोलन के रूप में तेलंगाना (1948-51) पहला प्रयास था, जो निजाम शासन की ज्यादतियों और भूमि सुधारों के लिए लड़ा गया। इसे राज्य ने बड़ी निर्ममता से कुचल दिया। तत्कालीन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने 1952 के पहले आम चुनाव में भाग लिया और देश के कई हिस्सों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

साल 1967 में पश्चिम बंगाल के एक ग्रामीण इलाके नक्सलबाड़ी से कम्युनिस्टों ने भूमि सुधार को लेकर एक दूसरा हथियारबंद आंदोलन शुरू किया, जिसने भारतीय समाज में राजनीति, साहित्य, आर्थिक नीतियों समेत हर अंग को प्रभावित किया। यहां तक कि हमारी भाषा भी इस आंदोलन के चलते बदली। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के तत्कालीन चेयरमैन माओ से प्रभावित होने के कारण इन्हें नक्सलवादी के साथ-साथ माओवादी भी कहा गया। यह आंदोलन एक दशक तक चला और इसे भी राज्य ने कुचल दिया। इसमें सक्रिय कई कम्युनिस्ट गुट चुनावों में भाग लेने लगे, लेकिन इसी से निकले नेतृत्व ने देश के विभिन्न भागों में सशस्त्र विद्रोहों की ऐसी शृंखलाएं खड़ी कर दीं, जिनसे निपटने में राज्य को दशकों लग गए और अब जाकर ऐसा लगने लगा है कि माओवाद के नाम से जाना जाने वाला यह आंदोलन अपनी अंतिम सांसें ले रहा है।

वाम दुस्साहसवाद में विश्वास करने और सशस्त्र संघर्ष से राज्य-सत्ता पर कब्जा करने का सपना देखने वाले इस यथार्थ को नजरअंदाज करते रहे हैं कि पिछली दो शताब्दियों में राज्य एक बड़ी मजबूत संस्था के रूप में उभरा है। उसे किसी बड़े जन-उभार से हिलाया तो जा सकता है, मगर किसी हथियारबंद संगठन द्वारा उस पर कब्जा कर पाना लगभग असंभव है। फिलहाल तो जनता द्वारा सीधे अपने शासकों के चुनाव से बेहतर कोई विकल्प नहीं है, इसीलिए बार-बार यह नारा देने के बावजूद कि सत्ता बंदूक की नली से निकलती है, वाम लड़ाके चुनावों की तरफ लौटते रहे हैं। एक सकारात्मक असर इन संगठनों का यह जरूर दिखा कि सशस्त्र संघर्षों से निकले इनके काडरों ने बिहार जैसे इलाकों के गांवों में दबंगों की बूथ लूटने की घटनाओं पर कुछ हद तक नकेल जरूर लगाई है। दूसरा दिखने वाला असर उन दुर्गम पिछड़े इलाकों में सड़कों, बिजली या संचार के खंभों और शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधाओं की पहुंच के रूप में दिखता है, जहां कुछ वर्षों पूर्व तक इनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

चुनावों के दौरान घात लगाकर कुछ पुलिस वालों या चुनाव कर्मियों को मार डालना और मतदान केंद्रों पर लूट-पाट करना आमतौर से प्रचार हासिल करने का सबसे बड़ा माध्यम हुआ करता है। चुनावों की गहमागहमी शुरू होते ही ये अति वामपंथी अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में परचों, पोस्टरों या जनसभाओं के जरिये वोटरों से चुनावों के बहिष्कार की अपील करने लगते हैं। सुरक्षा में सेंध लग जाए, तो उम्मीदवारों या उनके समर्थकों की हत्याएं करने से भी नहीं चूकते। एक मौके पर तो उन्होंने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूरे नेतृत्व का ही सफाया कर डाला था। यह अलग बात है कि भारतीय मतदाता उनकी चेतावनी की उपेक्षा करके बढ़-चढ़कर मतदान करते रहे हैं। इस बार स्थिति कुछ बदली नजर आ रही है। 18वीं लोकसभा के चुनावों की प्रक्रिया शुरू हुए लगभग एक पखवाड़ा हो रहा है और अभी तक माओवादियों के सशस्त्र हस्तक्षेप की कोई उल्लेखनीय घटना नहीं घटी है। इससे उम्मीद बंध रही है कि उनके प्रभाव वाले इलाकों में पूरा चुनाव इस बार शांतिपूर्वक निपट जाएगा।

यह परिवर्तन कोई रातोंरात नहीं हुआ। किसी तरह के सशस्त्र नागरिक विद्रोह से निपटने के लिए एक सर्वमान्य प्रविधि तक पहुंचने में भारतीय राज्य को कई दशक लग गए। कभी इसे शांति-व्यवस्था का मुद्दा समझा गया, तो कभी विकास का अभाव कारण माना गया और कभी दोनों। किसी बड़ी घटना से बौखलाकर सरकार कभी बलों की उपस्थिति बढ़ाती, तो कभी वार्ता के नए दौर शुरू करती। ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं पहुंच जाने के बाद वहां माओवादियों ने अपने हथियार डाल दिए हों। उलटे यह जरूर हुआ कि उन्होंने अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में सड़कें बनने में बाधाएं खड़ी कीं, संचार के खंभे उखाड़ डाले या स्कूलों और अस्पतालों की इमारतें जला दीं। ठेकेदारों, व्यापारियों या सरकारी कर्मचारियों से लेवी के तौर पर वसूले गए धन के नेतृत्व द्वारा दुरुपयोग की शिकायतें आम हो गई हैं। उनकी इन्हीं हरकतों से नागरिक अधिकार संगठनों के वे लोग कमजोर हुए हैं, जो सरकार से बातचीत कर उन्हें मुख्यधारा में लाने की पैरवी करते रहे हैं। हाल के दिनों में केंद्र और राज्य सरकारों का रवैया स्पष्ट रूप से सख्त हुआ है कि बिना हथियार डाले किसी से बात नहीं हो सकेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कई हालिया बयान इस परिवर्तन को स्पष्ट करते हैं। शायद यही कारण है कि दशकों बाद ऐसी संभावना बनी है कि रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले कई हजार वर्ग किलोमीटर और आधा दर्जन प्रदेशों में फैले इलाकों में बिना खून खराबे के चुनाव संपन्न हो रहे हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# चुनाव घोषणापत्र तो ऐसा ही होना चाहिए..

सुनील दास

लोकसभा चुनाव के लिए देश के कई राजनीतिक दलों ने अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा के चुनाव घोषणापत्र का इंतजार किया जा रहा था, वह भी रविवार को जारी कर दिया गया है। इसलिए भाजपा के चुनाव घोषणापत्र की तुलना देश के तमाम विपक्षी दलों के घोषणापत्र से की जा रही है। जो देश व राजनीति के समझत् हैं ऐसे तमाम लोगों को कहना है कि भाजपा का घोषणापत्र सबसे अच्छा है, और इसलिए हैं कि इसमें जनहित व देशहित का बराबर ख्याल रखा गया है। जितना जनता का ख्याल रखा गया है, उतना ही देश का भी ख्याल रखा गया है। देश व जनता के लिए भाजपा जो कुछ करने वाली है ,उसमें एक सुंदर संतुलन है। यह संतुलन कांग्रेस सहित विपक्ष के दलों के घोषणापत्र में नहीं दिखता है। उसमें अति दिखती है। एक तरफा झुकाव दिखता है। यह अति व झुकाव जनता के लिए है। जनता के लिए इसलिए है कि वह जनता का बहुत ज्यादा ख्याल रखेंगे तो जनता उनको चुनाव में जिता देगी। विपक्ष का घोषणापत्र एक होता तो ज्यादा अच्छा होता। क्योंकि इससे विपक्षी की एकजुटता दिखती।यह मोका कांग्रेस सहित विपक्ष ने खो दिया। इससे ऐसा लगता है कि विपक्ष अपनी विश्वसनीयती को बनाना नहीं चाहता है। विपक्ष के अलग अलग घोषणा पत्र के कारण विपक्ष बिखरा हुआ दिखता है। इस देश में जनता कभी बिखरे हुए विपक्ष को सत्ता के लायक नहीं समझती है। विपक्ष व भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र की तुलना की जाए तो यह दिखता है कि भाजपा अपनी जीत के प्रति आश्वस्त है जबकि कांग्रेस को अपनी जीत का भरोसा नहीं है।

यही वजह है कि वह पूरे न होने वादे कर रही है। देश को नुकसान पहुंचाने वाले वादे कर रही है। भाजपा ने पुराने काम को आगे बढ़ाया है, जनता के लिए जो काम पिछले दस साल में हो रहे थे,उसे भाजपा ने चालू रखने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि भाजपा का लाभार्थी वर्ग भाजपा के पास ही रहने वाला है। भाजपा को वोटों का कोई नुकसान नहीं होने जा रहा है। मोदी ने जनता को गारंटी दी है कि गरीबों को अगले पांच साल मुफ्त राशन मिलता रहेगा, गरीब परिवारों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज मिलता रहेगा,70 साल से अधिक उम्र के लोगों को पांच लाख तक का मुफ्क इलाज मिलेगा,पीएम सूर्य घर योजना से लोगों को मुफ्त बिजली मिलेगी, तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा, फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया जाएगा,देश में रोजगार के अवसरों को बढ़ाया जाएगा, वही देश के लिए कहा गया है कि देश को 2030तक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाया जाएगा,देश में सुशासन होगा,समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी, एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए प्रयास किया जाएगा,गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए नए संस्थानों की स्थापनी की जाएगी, संतुलित क्षेत्रीय विकास के लिए प्रयास किया जाएगा,पेपर लीक को रोकने कानून बनाया जाएगा। इससे साफ हो जाता है कि जिन लोगों का पहले से ख्याल रखा जा रहा है, उन लोगों का पूरा ख्याल आगे भी रखा जाएगा, देश में जिन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है, वहां सुधार का वादा किया गया है। पीएम मोदी विकसित भारत बनाना चाहते हैं, आधुनिक भारत बनाना चाहते हैं, इसलिए हर पांच साल में वह कोई न कोई बड़ा सुधार करते हैं। राहुल गांधी सहित विपक्ष को यह सारी अच्छी बातें नही दिखाई देती हैं।

राहुल गांधी का कहना है कि घोषणा प6 में रोजगार व महंगाई का जिक्र नहीं है। पीएम मोदी को मालूम है कि बड़ा देश है, हर साल बेरोजगार युवाओं की फौज कालेजों से निकलती है। वह कहते नहीं है कि सबको रोजगार मिलेगा, वह युवाओं को बताते हैं कि रोजगार की समस्या से वह कैसे निपट सकत हैं, वह देश के सामने सफल रोजगार करने वाले युवाओं का उदाहरण देश के युवाओं के सामने रखते है। उनसे सबक लेने को कहते हैं। राहुल गांधी भी महिलाओं का लखपति बनाना चाहते हैं। मोदी भी लखपति बनाना चाहते हैं। फर्क यह है कि राहुल गांधी महिलाओं को बिना काम किए एक लाख रुपए देना चाहते है,वहीं मोदी महिलाओं का काम कराकर, नया काम सीखाकर एक लाख रुपए कमाने का मौका देना चाहते है। पीएम मोदी चाहते हैं कि हर वर्ग के लोग परिश्रमी बने, जब देश के लोग परिश्रम करते हैं तो देश आगे बढ़ता है। राहुल गांधी महिलाओं को परिश्रमी नहीं बनाना चाहते है। वह उन्हे अपना वोटर बनाना चाहते हैं यानी राहुल गांधी उनको एक लाख रुपए देते रहेंगे तो वह राहुल गांधी व कांग्रेस को वोट देते रहेगे। देश की जनता समझती है कि एक नेता महिलाओं को वोट देने के लिए एक लाख रुपए देना चाहता है, एक नेता महिलाओं को लखपति बनाने के लिए काम करने को कहता है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि कांग्रेस का घोषणापत्र भले ही लोकलुभावन हो लेकिन समझदार लोग तो भाजपा के घोषणापत्र को ही बेहतर बनाएंगे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## मुलायमियत न बरती जाए

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में उन्हाणी गांव के करीब स्कूल बस के पेड़ से टकाराने पर छह बच्चों की मौत वाकई दिल कचोटने वाली है। हादसे के वक्त चालक नशे में था। बस में 43 बच्चों समेत एक शिक्षिका भी थी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि 34 छात्र घायल हो गए, जिनमें से नौ आईसीयू में हैं। बस चालक, प्रधानाचार्या और स्कूल सचिव को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। चालक तेज गति से वाहन चला रहा था, मोड़ पर संतुलन खोने से बच्चे खिड़कियों से बाहर उछल कर गिर गए। मरने वाले छात्र 13 से 16 साल की उम्र वाले हैं। हादसे के बाद प्रशासन और नेताओं ने रस्मादायगी करने में देर नहीं की।

इस दुर्घटना में पूर्व मंत्री के परिवार का बच्चा भी मारा गया है। दिल दहलाने वाले इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी। साथ ही, विद्यालय पर सख्त कार्रवाई की बात भी हो रही है। पुनः यह बात नहीं की जा रही कि छात्रों की जिंदगी को जोखिम में डालने वालों पर नकेल कैसे डाली जाए। देश भर से कहीं-न-कहीं से इस तरह के हादसों की खबरें आती रहती हैं। स्कूलों के लिए विभिन्न नियम बनाए जाते हैं मगर उनको निर्धारित करने और उन्हें सख्ती से लागू करने वालों को जिम्मेदार नहीं बनाया जाता। थोक के भाव में गली-गली स्कूल खोले जा रहे हैं, उन पर दूर-दराज से बच्चों को लाने-ले जाने की परिवहन व्यवस्था करनी होती है जिसके प्रति बेहद लापरवाही बरती जाती है। जब भी इस तरह के हादसे महानगरों के बाहर होते हैं तो उन्हें उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता। शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय समेत संबंधित अधिकारियों को भी अहसास कराया जाना जरूरी है कि उन्होंने घोर लापरवाही बरती है। गैर-जिम्मेदारी सिर्फ मोटी रकम वसूलने वाले निजी विद्यालय ही करते, बल्कि सरकारी स्कूलों की स्थिति और भी खराब है। अभिभावकों के पास प्रायः न्यूनतम अधिकार होते हैं, उनकी शिकायतों की अनसुनी की जाती है। यदि वे सख्ती से किसी तरह की आलोचना करते हैं तो बच्चे के प्रति अनुचित बर्ताव होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं, या उन्हें स्कूल से निलंबित करने की धमकियां दी जाती हैं। हादसे के बाद नये-नये नियम लादने से भी कोई सुधार नहीं होने वाला। मारे गए बच्चों के अभिभावकों की क्षतिपूर्ति तो असंभव है, मगर देश भर के शेष छात्रों के जीवन को जोखिम में डालने वालों के साथ किसी भी तरह की मुलायमियत न बरती जाए।

# सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध खड़ा होने की जरुरत

अवधेश कुमार

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के घर जाकर उसे महान और मसीहा साबित करने की उस अभियान को आगे बढ़ाया जो उसकी मौत के समय से ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने जेल में रहते हुए मुख्तार को पांच बार विधायक बनाया तो इसका मतलब है कि वह जनता के दुख दर्द में शामिल रहे और उसी का परिणाम है कि जनाजे में इतनी अधिक भीड़ उमड़ी। उन्होंने बांदा जेल में मुख्तार की मृत्यु पर सरकार को घेरा तथा उसकी तुलना रूस में बिना नाम लिए विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में हुई मृत्यु से कर दी। मुख्तार अंसारी पिछले लंबे समय से जब भी वीडियो में आया काफी कमजोर दिखता था। व्हीलचेयर पर ही उसके बाहर निकलने या अंदर जाने की तस्वीरें आई थीं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट में अनेक बीमारियां लिखी हुई है। इतनी बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति की कभी भी किसी कारण से मृत्यु हो सकती है। वैसे भी बाहुबल और धनबल की बदौलत बादशाहत कायम करने की मानसिकता में जीने वाले व्यक्ति को जेल में आम अपराधी की तरह व्यवहार से मानसिक आघात लगना बिल्कुल स्वाभाविक है।

प्रचार यही हो रहा है कि उसे मारा गया है। कुछ दिनों से उसके परिवार और वकील धीमा जहर देने का आरोप एक रणनीति के तहत लग रहे थे, जिसका उद्देश्य जमानत दिलाना या मन मुताबिक किसी जेल में शिफ्ट कराना था। मृत्यु से कुछ दिनों पहले बेटे से बातचीत के ऑडियो से उसके काफी अस्वस्थ व कमजोर होने के साथ गहरी निराशा में डूबे होने का पता भी चलता है। उसकी मृत्यु पर सपा, बसपा या कुछ अन्य पार्टियों, मजहबी नेताओं आदि ने जिस ढंग का माहौल बनाया है उसने आम व्यक्ति को उद्वेलित किया है। इस समय उसकी मृत्यु से किसी को कुछ भी प्राप्त नहीं होने वाला था। योगी आदित्यनाथ सरकार की दृष्टि से यह स्थिति ज्यादा अनुकूल थी। मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। जितनी संख्या में उसके नमाज ए जनाजा में लोग शामिल हुए वह सामान्य अवस्था का द्योतक नहीं है। किसी उदारवादी, समाज हितैषी, हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए काम करने वाले मुसलमान की मृत्यु पर न ऐसी प्रतिक्रियाएं आतीं हैं न इतने लोग इकट्ठे होते हैं और न उनमें भावविह्वलता और आक्रामकता देखी जाती है। इसके विपरीत चाहे मुख्तार अंसारी हो, बिहार का बाहुबली सैयद शहाबुद्दीन, अतीक अहमद या मुंबई बम विस्फोटों का आतंकवादी टाइगर मेनन उनके जनाजे में इतने बड़े जन समूह का उभरना मुस्लिम समाज के अंदर बढ़ती ऐसी प्रवृत्ति है, जिससे डरने और जिसको हर हाल में रोके जाने की आवश्यकता है। मुख्तार अंसारी न्यायालय द्वारा सिद्ध माफिया, हत्यारा, अपहरणकर्ता, सांप्रदायिक दंगा करने वाला बाहुबली था। 65 से ज्यादा मुकदमे उसके नाम पर थे जिनमें आठ में उसे सजा दी जा चुकी थी। इनमें दो में उम्र कैद की सजा थी। न्यायालय द्वारा घोषित सजा प्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना देश के लिए कुछ नहीं हो सकता? वे सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ न्यायपालिका पर भी प्रश्न उठा रहे हैं।

2013 में मुंबई बम विस्फोटों के अपराधी टाइगर मेनन के जनाजे में मुंबई में उमड़ी भीड़ ने पहली बार देश को हैरत में डाला था। उस समय से यह एक स्थापित प्रवृत्ति है। अतीक अहमद की हत्या पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न था लेकिन उसकी मृत्यु पर विशेष नमाज जगह-जगह अदा कर जन्नत की दुआ करना किस बात का द्योतक था? डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की मृत्यु पर इस तरह का दृश्य नहीं था। वस्तुतः उनके जनाजे में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक थी। कांग्रेस के शासनकाल से उत्पन्न राजनीति के अपराधीकरण के भयावह दौर में ऐसे अपराधी और बाहुबली, जिन्हें जेल में होना चाहिए वो माननीय विधायक और सांसद बनकर नीति-नियंता बन गए। अतीक, अंसारी या शहाबुद्दीन जैसों की एकमात्र योग्यता यही थी कि वो अपने अपराध के बल पर साम्राज्य कायम कर चुके थे तथा एक क्षेत्र विशेष में चुनाव जीतने-जिताने में सक्षम थे। इसी कारण सपा-बसपा दोनों ने उन्हें महत्व दिया और कांग्रेस पार्टी का भी उन्हें समर्थन ही रहा। जरा सोचिए, मुख्तार अंसारी ने उत्तर प्रदेश के वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की सरेआम हत्या करवाई और आज कांग्रेस उसे अपराधी तक कहने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस ने उसे बचाने के लिए उत्तर प्रदेश से पंजाब की रोपड़ जेल में शिफ्ट कराया तथा उसे वापस न लाया जा सके इसके लिए सर्वोच्च अदालत तक लड़ाइयां लड़ी। ऐसी पार्टियों के होते क्या उसे सजा मिल सकती थी?

ये पार्टियां भूल रही हैं कि देश ने राजनीति के अपराधीकरण और अल्पसंख्यकवाद के दौर को पीछे छोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र या फिर राज्यों में सरकार गठित होने के पीछे भी हिन्दुत्व, राष्ट्रवाद, विकास, जन कल्याण के साथ अपराध और भयमुक्त माहौल की उम्मीद भी बहुत बड़ा कारण रहा है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2022 में भाजपा सरकार की वापसी का सबसे बड़ा कारण यही था कि अपराधी और माफिया के विरुद्ध अविसनीय स्तर तक कार्रवाई हुई। योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश नहीं, बल्कि देश में आम लोगों के बीच अपराधियों व माफियाओं के विरुद्ध किसी भी दबाव से परे अडिग रहते हुए कठोरता से कार्रवाई करने वाले नायक के रूप में खड़े हुए हैं तो इसी कारण। इसलिए बसपा, सपा या कांग्रेस या अन्य पार्टियां अगर मानती है कि ऐसे अपराधियों के पक्ष में खड़ा होकर वे मुस्लिम वोटों से फिर विजय प्राप्त कर सत्ता पा लेंगे तो यह सपना पूरा नहीं होने वाला। पर इस व्यवहार के कारण सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करने वाली है। मुख्तार जैसे लोग समाज के नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### ऑल राउंडर प्रदर्शन करने वाले मुकेश ध्रुव रहे मैन ऑफ द मैच

**रायपुर ।** जिला प्रशासन रायपुर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नेताजी सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 16 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मध्य खेला गया। इस सेमीफइनल मुकाबले में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 205 रन विशाल स्कोर बनाकर जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह बनाई है। दूसरा सेमीफइनल में अब नगर निगम का मुकाबला पुलिस विभाग से गुरुवार की शाम को होगा। फाइनल शनिवार होगा । मंगलवार को खेले गए मैच में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की टीम टॉस जीतकर प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करने उतरी और बल्लेबाज मुकेश की 103 रन और आकाश के 82रनों की आतिशी पारी से पूरी टीम 205 रन का लक्ष्य दिया। खेल एवं युवा कल्याण की टीम ने इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए 110 रन बना सकी। ऑल राउंड प्रदर्शन करने वाले 4 विकेट और 103 बनाने वाले मुकेश मैन ऑफद मैच रहे। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में मतदाताओं को अपने बहुमूल्य मतदान देने के लिए नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा ने मतदाताओं को शपथ दिलाई एवं इस मैच में स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्व दीप सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्केच आर्टिस्ट सूरज सिन्हा को मिला सम्मान

**गरियाबंद।** अयोध्या में हुए प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के रूप में रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में छपाक आर्ट शाला की टीम के साथ मिलकर लगभग 6 टन धान और कुछ चावल की सहायता से लगभग बीस हजार वर्ग फीट में प्रभु श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा रंगोली के रूप में बनाई गई थी जिसे बनाने में 3 दिवस का समय लगा, यह धान से निर्मित विश्व की सबसे बड़ी रंगोली रही जिसके लिए इंद्रकला और संगीत विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री से सम्मानित ममता चंद्राकर के द्वारा आज रायपुर मे सम्मानित किया गया और सर्टिफिकेट वितरण किया गया।इस उपलक्ष्य में आर्टिस्ट सूरज सिन्हा ने कहा की यह सम्मान प्रभु श्रीराम जी को समर्पित है।हमारे छत्तीसगढ़ से प्रभु श्री राम जी का खास नाता रहा है यह उनका ननिहाल है। 500 वर्षों की तपस्या पूर्ण होने उपलक्ष में यह रंगोली बनाई गई।

### कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में धुआंधार प्रचार

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने शहर के वार्ड 1, 12,13,14, 15,16, 19,20 एवं 23 में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में प्रचार किया। नागरिकों से मुलाकात कर उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्री ताम्रध्वज साहू को वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को बताया कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी किया है जिसमें केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर गरीब परिवार की महिला को महालक्ष्मी योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। देशभर के युवाओं को 30 लाख सरकारी नोकरी, भूमिहीन परिवार को जमीन, किसान न्याय के तहत काम से कम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा और सरकार आने पर देश मे नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य सरकारों के बाद परामर्श कर और उसमें संशोधन किया जाएगा जैसी कई अहम घोषणाएं हैं।

# रायगढ़ में सीएम साय ने भरी हुंकार कहा : फिर इस बार मोदी सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** लोकसभा में अपनी हार निश्चित देखकर प्रदेश के कांग्रेसी बौखला गए हैं। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगातार अमर्यादित बयान दे रहे हैं। कोई लाठी से सर फोड़ने की बात कह रहा तो कोई डिफाल्टर बोल रहा है। कांग्रेसियों की मोदी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी बहुत ही शर्मनाक है। इसका करारा जवाब देना है, कांग्रेस को सबक सिखाना है।




रायगढ़ में आयोजित विशाल नामांकन रैली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। उन्होंने कहा कि ये चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, ये बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत बूढ़ी माई और सत्यनारायण बाबा के जयकारे से की। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के 4 बार सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ और रायगढ़ लोकसभा की जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन करता हूँ। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत बूढ़ी माई और सत्यनारायण बाबा के जयकारे से की। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के 4 बार सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ और रायगढ़ लोकसभा की जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन करता हूँ। सीएम साय ने भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र के बारे में कहा कि हमने देशवासियों के हित के लिए संकल्प पत्र जारी किया है। जिसे मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है। अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती। इसलिए मोदी को चुनिए, संकल्प पत्र का सभी वादा पूरा होगा।

### राधेश्याम राठिया के लिए मांगे वोट

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को जनसेवा का लम्बा अनुभव है। उन्होंने सरपंच से लेकर जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, एसटी मोर्चा और किसान मोर्चा सब में काम किया। राधेश्याम राठिया को काम करने का लम्बा अनुभव है और वे मृदुभाषी और कर्मठ हैं। उनको कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजना है। ये आप सभी से आग्रह करने आया हूँ।

### विष्णु बने राधेश्याम के प्रस्तावक

विशाल जनसभा और भव्य रैली के पश्चात रायगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने कलेक्टोरेट में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पत्थलगांव विधायक गोमती साय उनके प्रस्तावक बने। इस दौरान कैबिनेट मंत्री द्वय रामविचार नेताम, ओपी चौधरी और जशपुर विधायक रायमुनी भगत भी कलेक्टोरेट परिसर में मौजूद रहे। नामांकन रैली में मुख्यमंत्री के समक्ष एक बार फिर से कांग्रेसियों में भाजपा प्रवेश की होड़ दिखी। कांग्रेस के बड़े नेता विवेक सिंघानिया ने भाजपा में प्रवेश किया। शहर के जाने माने कारोबारी विक्की उर्फ विवेक सिंघानिया कांग्रेस का बड़ा चेहरा थे, जिन्होंने भाजपा ज्वाइन किया। इसके अलावा विकास गुप्ता, संतोषी डडसेना लखन लाल, अमित सोनी, विजय सोनी सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया और रायगढ़ लोकसभा में भाजपा को प्रचंड मतों से जिताने का संकल्प लिया।

### विष्णु सरकार ने मोदी की गारंटी को प्राथमिकता से पूरा किया - ओपी

रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने अपने संबोधन के जरिए युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के प्रमुख वादे को प्राथमिकता से पूरा किया है और बचे वादों को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के रूके हुए 18 लाख मकानों को स्वीकृत किया है। दो साल से रूका हुआ बोनस 3716 करोड़ रूपए का भुगतान कर वादा निभाया। भूपेश बघेल सरकार ने किसानों को तरसा-तरसा कर पैसा दिया था, लेकिन विष्णु देव साय सरकार ने एकमुश्त किसानों को अंतर की राशि दी है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना की दो किश्त हमारी सरकार ने दी है, अगला किश्त आने वाले 3 मई तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि रामलला के 500 साल के वनवास को भी प्रधानमंत्री ने दूर कर प्रभु राम का भव्य मंदिर बनाया। कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा, मोदी की गारंटी में ये ऐलान किया गया है।

### ये फाइनल चुनाव है, मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है - नेताम

नामांकन रैली में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि ये रायगढ़ का सौभाग्य है कि इसी संभाग से मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव सेमीफाइनल था और लोकसभा का ये चुनाव फाइनल है। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा कर बड़ा काम किया है और अब हमें हर बूथ में 370 से ज्यादा वोट डलवाना है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने घटिया दारु बेचने वाले को बस्तर से टिकट दिया है। कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ और अपराध का गढ़ बना दिया था। कैबिनेट मंत्री नेताम ने सभा में उपस्थित लोगों से एक बार फिर अब की बार 400 पार के नारे पर अमल करते हुए राधेश्याम राठिया के पक्ष में मतदान करने एवं मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया।

# महाष्टमी पर सिहावा शीतला शक्ति पीठ मंदिर में हुआ हवन पूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सिहावा।** चैत्र नवरात्रि के महाष्टमी पर शीतला शक्ति पीठ सिहावा में हवन पूजन पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। परम्परानुसार पंडा पुजारियो द्वारा माता शीतला का पूजा अर्चना कर देवी मां के स्वरूप नव कन्याओं व लँगूरवा महराज का पूजन कर उन्हें भोज कराया।

तदुपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में विभिन्न प्रकार की औषधि युक्त हवन सामग्रियों , सांखला का उपयोग कर यज्ञ में ज्योति धारी व अन्य श्रद्धालुओं ने प्रथम अध्याय से तेरहवें अध्याय तक क्रमशः यज्ञ भवन में प्रवेश लेकर यज्ञ में आहुति प्रदान कर पूर्णाहुति में भाग लिया व माता की आरती उतार कर सुख समृद्धि की कामना की। प्रात:10बजे कन्या पूजन के बाद हवन पूजन प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक चला। इस दौरान देवी उपासना की महत्ता बताते हुए आचार्य चन्द्रहास दुबे ने कहा कि नवरात्रि में पूजा पाठ जप तप साधना, हवन करने से मन मे व्याप्त विकारों का नाश व वातावरण में शुद्धता के साथ माता की असीम कृपा प्राप्त होती है।समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि नवमी को प्रात: ज्योत ज्वारा का विसर्जन परम्परानुसार किया जाएगा तथा 12 बजे दिन से राम जनमोत्स्व धूम धाम से मनाया की तैयारी की गई है। शीतला समिति के संरक्षक कलम सिंह पवार, सचिव नेम सिंह बिशेन,सह सचिव नरेंद्र नाग,नारद निषाद, बुधेस्वर साहू, कोशाध्यक्ष गेंदलाल यादव मंच संचालक तुकाराम साहू,गोरखनाथ शांडिल्य, गेंद लाल शाण्डिल्य पुजारी ज्ञान सागर पटेल ,परमेश्वर नेताम ,नोहर साहू,बलदेव निषाद,राजकुमार निषाद, रवि ठाकुर,छबि ठाकुर,भरत निर्मलकर,सचिन भन्साली, संजय सारथी,रामलाल नेताम,महेंद्र कौशल, ललित निर्मलकर,कुँवर साहू, बबलू गुप्ता, मंशा राम गौर,जग्गू साहू,नरेश पटेल,संतोष पवार,महेश साहू, लालजी साहू, महेंद्र साहू, अभय नेताम, खि़रभन शाण्डिल्य,द्वारिका साहू नवल साहू, दिनेश पटेल,शंकर पटेल,,चंदन देवांगन,अंश गौतम ,सुमेरू शांडिल्य, मेहतर गौर, योगेश निषाद,भरत शांडिल्य,दशे लाल ध्रुव,सुखदेव निषाद,पुजारी राम प्रसाद मरकाम,बैजनाथ पटेल, बुधु सोम,पूरन बिसेन आदि व्यवस्थाओं में जुटे रहे।



# लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने जिले के युवा मतदाता हो रहे उत्साहित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र धमतरी, कुरूद और कांकेर लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र सिहावा के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले के महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।



लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार मतदान करने जा रहे धमतरी निवासी लोकेश कुमार नेताम ने कहा कि मैने हाल ही में अपनी बारहवीं कक्षा की पढ़ाई पूरी की है और अग्निवीर सेना की भर्ती के लिए तैयारी कर रहा हूं।

उन्होंने बड़े उत्साह के साथ बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मुझे लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने का अवसर मिल रहा है। मतदान के दिन मैं स्वयं वोट डालने जाउंगा और आसपास के दोस्त, पड़ोसी और परिवार के लोगों को भी मतदान के लिए लेकर जाउंगा। वहीं ग्राम मुजगहन की चेष्टा ध्रुव बतातीं हैं कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में आगामी 26 अप्रैल को मैं पहली बार मतदान करूंगी। मुझे काफी खुशी महसूस हो रही है कि देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाउंगी। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके अपनी सहेलियों और सहपाठियों सहित आसपास के लोगों को भी अपने बहुमूल्य वोट का उपयोग करने की बात कही।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। इसका प्रभाव जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं में दिखाई देने लगा है। मतदाताओं को जागरूक करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मनरेगा और अन्य मजदूर, नेहरू युवा केन्द्र, रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलिंटियर्स, दिव्यांग स्कूलों के विद्यार्थी, महाविद्यालयीन विद्यार्थी सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों के जरिए स्वीप सायकल रैली, रंगोली, कलश यात्रा, दिवार लेखन, मेहंदी सजावट, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, शपथ, विभिन्न पर्वों में मिलन के दौरान मतदान की शपथ इत्यादि कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

# जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सभी का सहयोग आवश्यक - सामान्य प्रेक्षक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थियों व प्रतिनिधियों की बैठक ली। सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग आवश्यक है।



आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपनी शिकायत एवं समस्याओं के संबंध में सम्पर्क नम्बर पर जानकारी दे सकते हैं तथा न्यू सर्किट हाउस में प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक मिल सकते है। उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों एवं प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए। बैठक में महासमुंद जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मनीष कुमार दबास, धमतरी एवं गरियाबंद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री रामप्रभु उड़ई आर., कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू मौजूद थे तथा पुलिस प्रेक्षक श्री एम. राकेश चंद्र कलासागर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण व अभ्यर्थीगणों में श्री ताम्रध्वज साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्री गणेश राम ध्रुव हमर राज पार्टी, महेश स्वर्ण निर्दलीय, नारद प्रसाद निषाद शक्ति सेना भारत देश, डॉ. आत्मानवरत्न बसपा, संतोष बंजारे निर्दलीय, दाउलाल चंद्राकर, देवीचंद राठी, श्री अमित साहू बैठक में शामिल थे। बैठक में सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कहा कि सीलिंग कार्य के समय सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस निर्वाचन में चूंकि अभ्यर्थियों की संख्या 17 है इसलिए दो बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपैट मशीन का उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सुबह 5:30 बजे मॉक पोल प्रारम्भ होगा।

# मतदान केंद्रों में पहुंचे सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 कांकेर के लिए नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू ने आज बालोद जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लोकसभा आम निर्वाचन से जुड़े तैयारियों का जायजा लिया। सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजू ने डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दुधली के मतदान केन्द्र क्रमांक 103 एवं 104 का निरीक्षण कर तैयारियों का अवलोकन किया।

उन्होंने मौके पर उपस्थित बीएलओ से पिछले विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान मतदान केन्द्र में पड़े कुल मतदान के प्रतिशत के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने तहसीलदार श्री हेमंत पैकरा से मतदान केन्द्र में मतदान दिवस में पेयजल एवं छांव इत्यादि की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए शुद्ध पेयजल, छांव इत्यादि के अलावा सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसी तरह सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजू ने कन्या शाला बालोद के अलावा गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मतदान की तिथि निकट होने के फलस्वरूप सभी मतदान केन्द्रों में शीघ्र जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### रामनवमीं पर सवा करोड़ हनुमान चालीसा का आयोजन आज

**रायपुर ( ए. )।** सृजन संस्थान जीवन प्रबंधन समूह एवं श्री हनुमान महापाठ समिति रामनवमीं के शुभ अवसर पर बूढ़ापारा इंडोर स्टेडियम में पं. विजयशंकर मेहता के नेतृत्व में सवा करोड़ हनुमान चालीसा का आयोजन विगत वर्षों की भांति 17 अप्रैल को शाम सात बजे आयोजित करेगी। उक्त कार्यक्रम में लगभग 15 से 20 हजार श्रद्धालु शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में पत्रकारवार्ता में महापाठ समिति के राष्ट्रीय सचिव शिवनारायण मूंधड़ा एवं मुकेश शाह ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकार वार्ता में मुकेश शाह ने बताया कि उक्त आयोजन पिछले 15 वर्षों से किया जा रहा है यह आयोजन पूरे देश भर में शाम सात बजे से ही प्रारंभ होता है। इस वर्ष पाकिस्तान में भी कुछ शहरों में भारतीय समयानुसार शाम सात बजे हनुमान महापाठ का आयोजन होगा। इससे पूर्व कलाकारों द्वारा शाम छह बजे भजनों का आयोजन किया गया है। महापाठ में हनुमान जी द्वारा पूरे जीवन में की गई आठ छलांगों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जाएगा।

### व्यापमं : प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में हुआ बदलाव

**रायपुर ( ए. )।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव किया है।




व्यापम की अधिसूचना में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के कारण प्रवेश एवं पात्रात परीक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है। व्यापम ने इसके पहले परीक्षा की संभावित तिथि 12 फरवरी को जारी की थी। उस वक्त लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित नहीं की गई थी। अब चुनाव की तारीखों केआधार पर व्यापम ने नई समय सारिणी घोषित की है। बीते वर्ष आरक्षण संबंधित विवाद के कारण व्यापम द्वारा तय समय पर प्रवेश परीक्षाएं नहीं ली जा सकी थी। अन्य भर्ती परीक्षाओं की तरह प्रवेश परीक्षाओं में भी विलंब इसके कारण हुआ था। जुलाई माह तक व्यापम ने प्रवेश परीक्षाएं ली थी। कई के परिणाम अगस्त माह तक जारी किए गए। थोक में ऐसे पाठ्यक्रम रहे, जिसमें प्रवेश प्रक्रिया अथवा काउंसिलिंग सितंबर महीने से ही शुरु हो सकी। इस बार भी लगातार दूसरे वर्ष व्यापम की परीक्षा जुलाई माह तक चलेगी। ऐसे में प्रवेश में पुन: अगस्त-सितंबर से प्रारंभ होने की आशंका है। शिक्षक पात्रता परीक्षा की तिथि यथावत रखी गई है। यह परीक्षा 23 जून को ही होगी।

परीक्षा में कुल 1016 प्रतिभागी हुए चयनित , यूपीएससी-मेन्स-2023-का-परिणाम-जारी

# छग के 4 प्रतिभागियों का चयन, आईएएस की बेटी ने हासिल की 202वीं रैंक

**रायपुर (ए.)। यूपीएससी मेन्स-2023 का परिणाम जारी हो गया है। परीक्षा में इस बार छत्तीसगढ़ के 4 प्रतिभागियों का चयन हुआ है। जिनमें अनुषा पिल्लै, अभिषेक डेंगे, प्रीतेश सिंह राजपूत और रश्मि पैकरा शामिल हैं।**




अनुषा पिल्लै ने परीक्षा में 202 रैंक हासिल की है। अनुषा आईएएस रेणु पिल्लै और आईपीएस संजय पिल्लै की बेटी हैं। बता दें कि अनुषा के पहले उनके भाई अक्षय पिल्लै ने भी 2021 यूपीएससी 51 रैंक हासिल किया था। वर्तमान में अक्षय पिल्लै उड़ीसा कैडर के आईएएस अफसर हैं।

### प्रीतेश वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर के तौर पर पदस्थ

छत्तीसगढ़ के अन्य चयनित प्रतिभागियों में प्रीतेश सिंह राजपूत ने 697 रैंक हासिल किया है। वहीं लोरमी के रहने वाले प्रीतेश वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर के तौर पर पदस्थ हैं। वहीं नीट पास आउट अभिषेक डेंगे रायपुर के रहने वाले हैं। वहीं इस परीक्षा में चयनित हुईं रश्मि पैकरा बलरामपुर की रहने वाली हैं।

परीक्षा में कुल 1016 प्रतिभागियों का चयन हुआ है। इनमें से टॉप-20 में 15 लड़कों और 5 लड़कियों ने अपनी जगह बनाने में कामयाब हुए है। लिस्ट (यूपीएससी मेन्स-2023 का परिणाम जारी) में पहले स्थान पर लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव हैं, तो वहीं दूसरे स्थान पर अनिमेष प्रधान और तीसरे पर डोनुरु अनन्या रेड्डी हैं।

## यूपीएससी में अनुषा पिल्ले को मिली ने 202वीं रैंक, कलेक्टर ने दी बधाई



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अनुषा पिल्ले के चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अनुषा आज घोषित परिणाम में 202वीं रैंक हासिल की। वह सेवा निवृत्त डीजीपी संजय पिल्ले एवं अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले की सुपुत्री है।

# वेंडिंग जोन, वाई-फाई सहित मिलेगा चार्जिंग पॉइंट

## निगम आयुक्त मिश्रा ने किया गांधी उद्यान के पास बने सीटिंग जोन का निरिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर के चार जगहों का निरीक्षण किया, जहां वेंडिंग जोन के साथ ही सीटिंग जोन बनाने की भी योजना बनाई गई है। गांधी उद्यान के पास परीक्षण के लिए एक सीटिंग जोन बनाया गया है। ये 8 सीटर है। इसमें वाई फाई और चार्जिंग पॉइंट लगाया जाएगा। वेंडिंग जोन इसके आसपास बनाएं जाएंगे। लोग वेंडिंग जोन से खाने का सामान खरीद कर सिटींग जोन में बैठकर आराम से खा पी सकेंगे। साथ ही वाई फाई का भी आनन्द ले सकेंगे। मोबाईल की बैटरी भी चार्ज कर सकेंगे।

मंगलवार को निगमायुक्त मिश्रा ने इसका निरीक्षण किया। उन्हें ये पसन्द भी आई। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को कुछ दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शहर के सभी जगहों के वेडिंग कार्ट और सीटिंग जोन के रंग में एक रूपता होनी चाहिए। रंग भी अच्छा होना चाहिए। जिसे देखकर ही लोगों के लगे कि ये वेडिंग जोन है और वे आकर्षित हो सकें।

उन्होंने गांधी उद्यान के साथ ही पुजारी पार्क, जब्बार नाला के पास पाम बैलीजियो के नजदीक की जगह, बूढ़ापारा धरना स्थल की खाली जगह और आमानाका के पास की जगहों का भी निरीक्षण किया। इन जगहों पर उन्होंने ये भी परखा की वेडिंग जोन में आने वाले अपनी गाड़ियां किस



जगह पर पार्क कर सकेंगे। निगम के एनयूएलएम के प्रभारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि इन चारों जगहों पर पीपीपी मोड पर 500 वेंडिंग कार्य लगाने की योजना है। ये कार्ट उन जगहों के आसपास के रजिस्टर्ड वेंडर को ही दिया जाएगा।



### निगमायुक्त ने ली आर्थर-ओला के अधिकारीयों की बैठक

कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को इलेक्ट्रिक टू व्हीलर आर्थर और ओला के अधिकारियों के साथ बैठक कर चार्जिंग स्टेशनों पर चर्चा की। शहर के प्रत्येक जगहों पर 3 महीने के भीतर चार्जिंग स्टेशन लगाने की योजना बनाकर समयबद्ध तरिके से कार्य करने के लिए कहा गया।

अभी तक आर्थर कम्पनी ने 6 जगहों पर और ओला कम्पनी ने 1 जगह पर पर चार्जिंग स्टेशन लगा भी लिया है। आर्थर कम्पनी ने जी ई रोड के पास ग्रेंड हयात, वीआईपी रोड में बिहान कैफे, जयस्तम्भ चैक के पास मल्टी लेबल पार्किंग के पास, डंगनिया में रालास मोटर्स के पास तथा शदाणी दरबार के पास चार्जिंग स्टेशन लगाया है। वहीं ओला ने तेलीबांधा में करेंसी टावर के सामने पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाया है। इस स्टेशनों में फास्ट चार्जर लगाए गए हैं जिसमें मात्र 10 मिनट में टू व्हीलर चार्ज हो जाएगा। वहीं फोर व्हीलर के लिए थोड़ा समय लगता है। निगम कमिश्नर मिश्रा ने कहा कि आम नागरिकों को आसान चार्जिंग स्टेशन मिले इसलिए शहर के सभी जगहों पर 3 महीने के भीतर लगाई जाए। मिश्रा ने कहा कि कोई व्यक्ति यदि 30-40 किमी गाड़ी चलाने की जरूरत महसूस करता है तो उसे नजदीक में कहीं चार्जिंग स्टेशन मिल जाए। अधिकारियों ने बताया कि इस पर तेजी से काम चल रहा है। निगम की ओर से भी उन्हें स्टेशन बनाने जगह बताया गया है।

## बौद्ध समाज ने मनाई अम्बेडकर जयंती




**रायपुर ( ए. )।** बौद्ध समाज राजा तालाब रायपुर के तत्वाधान में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पूर्व अनुसार बड़ी ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई सभी समाज के प्रमुखजन समारोह में शामिल हुए। जयंती कार्यक्रम का प्रारंभ बुद्ध वंदना से की गई इसकी बाद एक महा रैली महारैली निकल गई यह रैली बाबा साहेब अंबेडकर भवन राजा तालाब रायपुर से प्रारंभ होकर गांधी चौक राजातालाब आदर्श चौक नूरानी चौक होते हुए अंबेडकर चौक कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई।

इस रैली में समाज के संरक्षक एन के जाधव, यादव राव शेलकर और खरे जी एवं महिला प्रतिनिधि में उपाध्यक्ष तुलसा सेलकर, महा सचिव सुमन सेलकर एवं करुणा बन्सोडे शामिल हुई ।रैली का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया इस जयंती के उपलक्ष में प्रसाद बांटा गया और बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से रैली कलेक्ट्रेट परिसर के समक्ष अंबेडकर चौक पहुंची ।वहां पर हमारे समाज की प्रमुख जनों का अंबेडकर जयंती समिति के द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। आज इस आयोजन में रामा राव गवली, राहुल इंगले, नम्रता भोसले,ललित सोरठे, हितेश बन्सोडे,तथागत बागड़े अंजय भोसले, मोनू फुलझेले, एवं समाज के सभी सदस्य शामिल हुए।

# डांडिया के माध्यम से दी शत प्रतिशत मतदान का संदेश, महिलाओं ने निभाई हिस्सेदारी

**बलौदाबाजार/रायपुर ( ए. )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में लगातार विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पंचायत विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज नवरात्र के सातवें दिन जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पलारी में भी स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर के एल चौहान एवं सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे भी शामिल हुई। उक्त आयोजित डांडिया समारोह में प्रतिभागियों ने डांडिया कर जिले वासियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।




सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तख्ती एवं पोस्टर के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में अपने अपने मतों उपयोग करनें संदेश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा यह लोकतंत्र का उत्सव है जो पांच साल में एक बार आता है। अत: इस ऐतिहासिक उत्सव में हम सब की सहभागिता अनिवार्य है। इस मौके जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ श मंडावी, सीएमओ भोई, साक्षर भारत सोमेश्वर राव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिले के विभिन्न गांवों एवं शहरों में जिसमें विशेष रूप से 70 प्रतिशत से कम मतदान केंद्रों स्वीप की गतिविधियों को तेज कर दी गई।

प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय, रायपुर में जुटे समाज के लोग

# भगवान की अष्टधातु की मूर्ति निर्माण होने से यादव समाज में हर्ष

**रायपुर ( ए. )।** प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ यादव ठेठवार समाज का मासिक बैठक रायपुर राज मुख्यालय ठेठवार भवन रायपुर में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की तैल चित्र पर माल्यार्पण व आरती गायन के साथ किया गया।

प्रदेश महासचिव नरोत्तम यदु ने बैठक के उद्देश्य व अष्टधातु से श्रीकृष्ण की मूर्ति निर्माण हेतु कार्ययोजना को विस्तार से बताया। इसके बाद समाज के लोगों ने क्रमश: अपने-अपने विचार रखे। रामसिंह यादव, परमानंद यादव संतोष यदु, बसंत यदु विमल यदु हरिराम यदु, भोजराम अहीर, भगत, एवं सामाजिक जनों ने अपना विचार रखे। नागेश यदु प्रदेश उपाध्यक्ष ने बैठक की बिंदुओं को रखते हुए विचार आमंत्रित कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किये। जिसमें निम्न प्रस्ताव पारित किया गया। यादव ठेठवार समाज महासभा का शताब्दी वर्ष 2026 में पूर्ण होने जा रहा है। शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक बनाने श्रीकृष्ण भगवान की अष्टधातु से मूर्ति निर्माण कर स्थापना करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है।

महासभा मुख्य कार्यकारी, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक आयोजित कर संचालन समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक परिवार के सभी सदस्यों से अष्ट धातु दान लेने का निर्णय लिया गया। अष्ट धातु मूर्ति निर्माण हेतु समर्पण राशि एकत्रित करने प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के खाते में राशि जमा करने प्रस्ताव पारित किया गया। अष्ट धातु का संग्रहण कर गांव से पार, पार से



राज और राज से प्रदेश स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक राज पार मे जन जागरण जागरुकता अभियान हेतु प्रवास समिति बनाया जायेगा। अष्टधातु संग्रहण पूर्व बैठक में लिए प्रस्ताव अनुसार चैत्र नवरात्र पर 9 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। अंतिम तिथि 15 जून 2024 तक राजपार जिला ईकाईयों द्वारा धातु संग्रहित कर प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ यादव ठेठवार समाज महासभा को धातु समर्पण रथयात्रा को निर्धारित किया गया है।

आगामी 19 मई को प्रदेश मुख्यालय राजिम में गुलेन्द्र यादव प्रदेश अध्यक्ष महासभा के सहमति से महासभा कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त बैठक में रामसिंह यादव प्रदेश संरक्षक, बलराम यादव प्रदेश सलाहकार, परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, नागेश यदु प्रदेश उपाध्यक्ष, संतोष यदु रायपुर राज अध्यक्ष, रामजीवन, बसंत यदु प्रदेश संगठन मंत्री, यदु, विमल यदु प्रदेश संगठन मंत्री, शशिकांत यदु प्रदेश मीडिया प्रभारी, पुरुषोत्तम अहिर प्रदेश प्रचार मंत्री, हरीराम यदु, ओमप्रकाश यादव अध्यक्ष अंबागढ़ चौकी राज, डॉ. ईतवारी यदु अध्यक्ष तेंदुआ पार, भोजराम अहीर कोषाध्यक्ष गुड़ा राज, अमित अहिर अध्यक्ष गुड़ा राज, हीरा राम यदु अध्यक्ष बेलर पार, बसंत यदु अंबागढ़ चौकी राज, तेजराम यादव अध्यक्ष सिरपुर राज, सुनील यदु, बंशी लाल यदु, कोषाध्यक्ष रायपुर राज, यशवंत यादव सहसचिव रायपुर राज, चंदन, शोभाराम यादव धमतरी राज, हृदय राम यादव सभापति रायपुर राज, प्रवीण यदु कोषाध्यक्ष महानगर इकाई रायपुर, राजेश यादव सचिव कवर्धा राज, पवन यदु उपाध्यक्ष कवर्धा राज, हरिशचंद्र, भागीरथी, राज कुमार, हरिशंकर अहिर, अशोक यादव कोषाध्यक्ष भेलवाडीह पार, रुपेश यादव अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ महानगर इकाई रायपुर, भगत यदु, राविंदर सोजराम मुकेश आचार्य, सहित सामाजिक जन उपस्थित थे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने दी है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# केबीसी-16 का इंतजार खत्म, रजिस्ट्रेशन की डेट अनाउंस



सोनी टीवी के एक अनाउंसमेंट ने दर्शकों का दिल खुश कर दिया है। मेकर्स ने केबीसी के फैन्स को जानकारी दी है कि उनके प्यार से शो फिर लौटकर आ रहा है। कौन बनेगा करोड़पति के दर्शकों के लिए अच्छी खबर है। सीजन 16 के रजिस्ट्रेशन शुरू होने वाले हैं। सोनी टीवी ने ये जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। केबीसी 15 में जब अमिताभ बच्चन आंसुओं के साथ विदा हुए थे तो दर्शकों में घबराहट थी। कई रिपोर्ट्स थीं कि शो नहीं आएगा। मेकर्स ने दर्शकों का प्यार देखकर नए सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही रजिस्ट्रेशन की डेट भी बताई है।

## 26 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू

सोनी टीवी के पोस्ट ने दर्शकों का दिल खुश कर दिया है। चैनल ने केबीसी के नए सीजन की घोषणा की है। पोस्ट में लिखा है, ऐसा मिला प्यार कि लौट रहा है फिर एक बार कौन बनेगा करोड़पति सीजन-16 शुरू हो रहे हैं केबीसी रजिस्ट्रेशन 26 अप्रैल ठीक रात 9 बजे से।

## पुरानी क्लिप के साथ आई गुड न्यूज

पोस्ट के साथ अमिताभ बच्चन की लास्ट सीजन की विदाई लेने वाली क्लिप है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह आखिरी बार इस मंच आखिरी बार शुभरात्रि कहने जा रहे हैं। इसके साथ दर्शकों के फीडबैक भी दिख रहे हैं।

## होस्ट करेंगे बिग बी?

चैनल ने जो ट्वीट किया है उसमें अमिताभ बच्चन टैग नहीं हैं। न ही बिग बी ने केबीसी से जुड़ा कोई पोस्ट किया है। हालांकि दर्शक मानकर चल रहे हैं कि वही होस्ट करेंगे। चैनल ने अभी तक ऑफिशियली कुछ नहीं बताया है।

## खुश हुए दर्शक

ट्वीट देखकर लोग मान रहे हैं कि अमिताभ बच्चन ही होस्ट होंगे। एक दर्शक ने लिखा है, बहुत-बहुत धन्यवाद और बधाई जो मेरे भगवान से मिलने की फिर उम्मीद जगाई। एक ने लिखा है, थैंक यू सो मच सोनी टीवी और अमिताभ बच्चन केबीसी को वापस लाने के लिए। एक कमेंट है, बहुत शुक्रिया रिक्वेस्ट पूरी की।

### अगला सीजन होस्ट करने से अमिताभ ने कर दिया था मना

अमिताभ बच्चन जिस अंदाज के साथ 'कौन बनेगा करोड़पति' की मेजबानी करते हैं, उस पर लोग कई सालों से फिदा है। वे अपनी मेजबानी से दर्शकों का अच्छा मनोरंजन करते हैं। अब एक बार फिर से वे दर्शकों के लिए शो का 16वां सीजन लेकर आ रहे हैं। इसका प्रोमो भी जारी कर दिया गया है। मालूम हो कि अमिताभ ने पिछले सीजन के दौरान एलान किया था कि वह उनका आखिरी सीजन होगा। इसके बाद उनके प्रशंसक मायूस हो गए थे।


# विदेशियों पर चढ़ा 'बड़े मियां छोटे मियां' का खुमार

अली अब्बास जफर की एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इसमें टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। अलाया एफ, मानुषी छिल्लर भी फिल्म का हिस्सा हैं।

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फैन फॉलोइंग देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है। इस बीच एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों सितारों के फैंस 'बड़े मियां छोटे मियां' के गाने पर धमाकेदार डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर अक्षय कुमार फैन पेज ग्रुप नाम के अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें देखा जा सकता है कि इथियोपिया में थिएटर के अंदर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के फैंस 'बड़े मियां छोटे मियां' के गाने 'मस्त मलंग' पर जमकर डांस कर रहे हैं।

## 'मस्त मलंग' गाने पर फैंस ने किया डांस

सबके सब फिल्म के गाने पर मस्त मलंग होकर झूम रहे हैं। कई फैंस ने व्हाइट टी-शर्ट पहन रखी है, जिन पर अक्की लिखा हुआ है। कईयों ने 'बड़े मियां छोटे मियां' प्रिंटेड टी-शर्ट पहनी हुई हैं। अक्षय कुमार के फैंस गाने पर जबरदस्त हुक स्टेप्स करते हुए दिख रहे हैं। वहीं, देखा जा सकता है कि थिएटर स्क्रीन पर फिल्म का गाना 'मस्त मलंग' चल रहा है। सोशल मीडिया पर ये वीडियो आग की तरह वायरल हो रहा है



# सज-धज कर तैयार हुआ घर

### 10 दिन बाद है भांजी की शादी-गोविंदा



छोटे पर्दे पर जानी-मानी एक्ट्रेस और गोविंदा की भांजी आरती सिंह ने शादी से पहले घर माता की चौकी रखवाई। आरती सिंह इन दिनों अपनी शादी की वजह से काफी चर्चा में है। वहीं एक्ट्रेस 25 अप्रैल को बिजनेसमैन दीपक चौहान के संग शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। ऐसे में एक्ट्रेस के घर पर शादी से पहले माता की चौकी रखी गई। जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की है।

## रस्मों की शुरूआत माता दुर्गा की जगराते से

दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने शादी की रस्में की शुरुआता माता के जगराते से कीं। इस दौरान कपल ने मां दुर्गा का आर्शीवाद लिया। वहीं उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर माता की चौकी की तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। जिसमें वो लाल रंग के सूट में बेहद प्यारी लग रही है। इसके साथ ही एक्ट्रेस 'होने वाले पति' दीपक साथ एक और तस्वीर रिशेयर किया है, जिसमें वो दीपक के साथ मस्ती करते हुए पोज़ देते नजर आई हैं। इन सबके बीच एक्ट्रेस ने अपने घर की भी एक तस्वीर शेयर की है और उनका घर पूरा लाइट्स से जगमागते दिखाई दे रहे है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ''बस दिन बाकी।''

## आरती सिंह 25 अप्रैल को दीपक संग लेगी सात फेरे


आपको बता दें, आरती सिंह 25 अप्रैल को मुंबई में बिजनेसमैन दिपक चौहान के साथ सात फेरे लेंगी। वहीं शादी में एक्ट्रेस के मामा गोविंदा भी नजर आएंगे। इसके साथ ही हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने रिलेशनशिप का खुलासा किया था कि उनकी और दीपक की मुलाकात एक प्राइवेट मैचमेकर्स के जरिए हुई थी और ये शादी अरेंज्ड मैरिज है। हलांकि, हमारी पहली मुलाकात पिछले साल जुलाई में हुई थी, लेकिन हम दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए कुछ वक्त तक किया और फिर इसी साल 1 जनवरी को दीपक ने उन्हें शादी के लिए प्रपोज किया।



## गर्मियों में भी गले में हो रहा है खराश तो इन बातों का रखें ख्याल

गर्मियों में सर्दी-जुकाम और गले की खराश काफी ज्यादा परेशानी करती है। इस सीजन में तापमान बढ़ने के कारण वायरल इंफेक्शन का खतरा काफी ज्यादा बढ़ता है। मौसम बदलने के साथ खांसी, बुखार, पेट और गले में दर्द और खराश की समस्या होती है। मौसम बदलने के कारण गले में इंफेक्शन की समस्या होती है। बच्चों से लेकर बड़े तक को मौसम बदलने के कारण कई तरह की समस्याएं होने लगती है। गले का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

धूप से आने के बाद तुरंत एसी में न बैठे। सिर्फ एसी में ही नहीं कूलर में भी न बैठें। जिसके कारण गले में इंफेक्शन होने लगता है। अगर एसी में जाए भी तो तापमान 25 डिग्री के आसपास रखें। कई बार धूप से तुरंत आने के बाद लोग नहा लेते है ऐसा बिल्कुल भी न करें। इससे सर्दी-जुकाम और गले में खराश होने लगती है। थोड़ी देर बैठने के बाद पानी पिएं। गर्मियों में आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक तो अच्छा लगता है लेकिन इसका ज्यादा इस्तेमाल न करें। इससे गला खराब हो सकता है। कोल्ड ड्रिंक पीने से शरीर में पानी की कमी होती है। अगर कफ ज्यादा हो गया है तो स्टीम लें। इससे आपको तुरंत आराम मिलेगा। 5-7 मिनट स्टीम जरूर लें। गर्मी में काढ़ा तैयार करें। इस काढ़े में तुलसी, काली मिर्च, सोंठ, दालचीनी सभी को 1-1 चम्मच मिलाकर काढ़ा तैयार करें और पी लें।



# अपने बेटे अकाय के साथ भारत लौटी अनुष्का शर्मा



अनुष्का शर्मा और विराट कोहली अपनी निजी जिंदगी को सोशल मीडिया पर पोस्ट करना पसंद नहीं करते। खास कर स्टार कपल ने अपने दोनों बच्चों को जन्म के बाद से ही पैपराजी और लाइमलाइट से दूर रखा हुआ है। हाल में एक्ट्रेस ने बेटे अकाय को जन्म दिया है। लेकिन दोनों बच्चों की एक झलक भी सोशल मीडिया पर कभी पोस्ट नहीं हुई। अब शादी और बच्चों के इतने समय बाद अनुष्का और विराट ने अपने बेटे अकाय की पहली झलक दिखा दी है। लेकिन ये झलक उनके फैंस के लिए नहीं बल्कि एयरपोर्ट पर मौजूद पैपराजी के लिए थी।

## अनुष्का शर्मा ने दिखाई बेटे अकाय की पहली झलक

इस बात की जानकारी बॉलीवुड फोटोग्राफर विरल भैयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अनुष्का और वामिका की एक प्यारी तस्वीर शेयर कर दी। पोस्ट के मुताबिक हाल में अनुष्का शर्मा और विराट कोहली अपने दोनों बच्चों के साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट किये गये थे। स्टार कपल ने हमेशा की तरह अपने बच्चों को कैमरों से दूर रखते हुए पैपराजी से बातचीत की। इस बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बेटे अकाय की पहली झलक भी पैपराजी को दिखाई। लेकिन तस्वीर लेने से मना कर दिया। एक्ट्रेस ने पैपराजी से वादा किया कि वो जल्द पैपराजी के सामने पोज करती नजर आयेंगी जब उनके बच्चे साथ नहीं होंगे।

## सोशल मीडिया की दुनिया से बच्चों को रखा दूर

बता दें, अनुष्का और विराट दोनों शादी से पहले से अपनी निजी जिंदगी को दुनिया से दूर रखते आये हैं। साल 2017 में इटली में हुई शादी की खबर भी किसी को नहीं लग पाई थी। बाद में एक्ट्रेस ने जनवरी 2021 में बेटी वामिका को और इस साल 15 फरवरी को बेटे अकाय को लंदन में जन्म दिया। विराट और अनुष्का ने अपने दोनों बच्चों को सोशल मीडिया की दुनिया से दूर रखा हुआ है। स्टार कपल के मुताबिक जब तक उनके बच्चे इस दुनिया को समझने नहीं लगते तब तक वो खुद से उन्हें दुनिया के सामने नहीं लायेंगे।

# 1 या 2 नहीं, 3 मंज़ुलिका करेंगी 'आमी जे तोमार' पर डांस?

'भूल भुलैया-3' से जुड़ा दिलचस्प अपडेट आया है। 'भूल भुलैया' में अक्षय कुमार और विद्या बालन थे। 'भूल भुलैया-2' में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू नजर आए थे। वहीं 'भूल भुलैया-3' में कार्तिक आर्यन के साथ विद्या बालन दिखाई देंगी। दिलचस्प बात ये है कि 'भूल भुलैया-3' विद्या बालन के अलावा एक और नई नजर आएगी। चलिए आपको इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाली इस नई एक्ट्रेस के बारे में बताते हैं।

## ये है नई एक्ट्रेस का नाम


पिंकविला को 'भूल भुलैया-3' से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया है कि 'भूल भुलैया-3' के मेकर्स 'आमी जे तोमार' गाने की बहुत तगड़ी प्लानिंग कर रहे हैं। सूत्र का कहना है कि मेकर्स इस गाने में माधुरी दीक्षित और विद्या बालन का फेस-ऑफ दिखाने की योजना बना रहे हैं। जी हां, 'भूल भुलैया-3' में कार्तिक आर्यन और विद्या बालन के अलावा माधुरी दीक्षित भी नजर आने वाली हैं।

## अगले महीने शूट होगा गाना

सूत्र ने कहा, भूषण कुमार और उनकी टीम विद्या और माधुरी पर फिल्माए जाने वाले 'आमी जे तोमार' की मेकिंग पर काम कर रहे हैं। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ, तो टीम अगले महीने इस गाने की शूटिंग पूरी कर लेगी।

## तीन-तीन मंजुलिका

सूत्र ने ये भी कहा कि मेकर्स इस गाने में कार्तिक आर्यन को भी लाने की प्लानिंग कर रहे हैं। बता दें, 'भूल भुलैया' और 'भूल भुलैया-2' में 'आमी जे तोमार' गाने पर क्रमश: विद्या बालन और कार्तिक आर्यन ने डांस किया था। दोनों ने ये गाना मंजुलिका बनकर परफॉर्म किया था। ऐसे में फैंस ये सोच-सोचकर उत्साहित हो रहे हैं कि अगर 'भूल भुलैया-3' में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित तीनों इस गाने पर डांस करेंगे तो क्या तीनों मंजुलिका बनेंगे?



## ज्यादा एक्सरसाइज करने से सेहत को हो सकता है नुकसान

लॉन्ग टाइम सीटिंग जॉब में और भागदौड़ वाली लाइफ स्टाइल के बीच लोग खुद को फिट रखने के लिए येग, एक्सरसाइज या वॉक करना पसंद करते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि काफी देर तक बैठकर काम करना जितना नुकसानदायक है उतना ही हद से ज्यादा एक्सरसाइज करना भी सेहत के लिए खतरनाक है। जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करने के कारण काफी ज्यादा वजन कम होने लगता है। जिसके कारण कई सारी हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है। ज्यादा एक्सरसाइज करने के कारण चिड़चिड़ापन, स्ट्रेस और डिप्रेशन की शिकायत हो सकती है। ऐसी स्थिति में क्या होती है अगर किसी व्यक्ति को एक्सरसाइज करने का वक्त न मिलें तो उसे चिड़चिड़ापन होने लगता है। ज्यादा एक्सरसाइज करने से चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है। इसके कारण मसल्स और टिश्यूज भी डैमेज हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा मांसपेशियों में खिंचाव हो सकता है। कोई-कोई बॉडी बनाने के चक्कर में काफी ज्यादा स्टेरॉयड लेते हैं। जिससे शरीर को काफी ज्यादा नुकसान होता है। ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारी होती है। अपने शरीर की क्षमता के हिसाब से एक्सरसाइज करें नहीं तो यह टिश्यूज डैमेज करने के साथ-साथ ऑर्गन भी डैमेज कर सकती है।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### देश की समृद्धि व विकास के लिए पुनः मोदी सरकार बनाने भाजपा कार्यकर्ता अडिग - रंजना साहू

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू गांव व शहरी क्षेत्रों में जाकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे हैं, उसके साथ-साथ ग्रामीण अंचल में साप्ताहिक बाजार में जाकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से पुनः भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार बनाने एवं भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूप कुमारी चौधरी जी को भारी मतों से विजई बनाने के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक ले रही है एवं नुक्कड़ सभा के माध्यम से पाम्प्लेट वितरण कर प्रचार प्रसार कर रही है। इस दरमियान श्रीमती रंजना साहू ने बलियारा, बोड़रा, डोड़की, शंकरदाह, सांकरा, भोथली, कंडेल, नवागांव, परेवाडीह लिमतरा सेहराडबरी, अंगारा, डाही, सेनचुवा, देमार,बिरेतरा, बारना, देवरी, झुरानवागांव धमतरी शहर अंतर्गत विंध्यवासिनी वार्ड, मराठा पारा बांसपारा वार्ड, रामपुर वार्ड, दानीटोला वार्ड सहित विभिन्न बूथों पर जाकर भाजपा प्रत्याशी को जीताने के लिए प्रचार प्रसार कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा है कि केंद्र सरकार की योजनाओं से सभी को लाभ मिला है देश की समृद्धि और चहुंमुखी विकास के लिए पुनः मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कृतसंकल्पित एवं अडिग है। बैठक में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र पदाधिकारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बीएलओ सहित भाजपा वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम व सर्व धर्म समभाव के साथ मनाई गई

**गरियाबंद।** नगर में डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के दिन सुबह बाइक रैली निकालकर बाबा साहेब के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाया गया।14 अप्रैल को सुबह अंबेडकर चौक स्थित डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गाजे-बाजे व बाबा के गगनभेदी जयकारो के साथ नगर के विभिन्न वार्डों में शोभायात्रा यात्रा निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्ग से होते हुए शासकीय महाविद्यालय प्रांगण स्थित प्रतिमा स्थल तक पहुंची।शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठ बुजुर्ग,महिलाऐ व युवक,युवतियां,नन्हें मुन्ने बच्चों ने गाजे-बाजे में समाज के लोग धूम धाम से नाचाते,थिरकते रास्तों में जगह-जगह विभिन्न समाज के लोगों ने बाबासाहेब की शोभा यात्रा का स्वागत किया वही मुस्लिम समाज ने शरबत व मिष्ठान वितरण किया। सभा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू रहे,अध्यक्षता लालिमा ठाकुर,अध्यक्ष जनपद पंचायत ने की,विशेष अतिथि के रूप में सुरेंद्र सोनटके उमेंद्र सिंह कुमार जनाब अब्दुल कयूम गेंद लाल सिंह योगेश बघेल गंगाराम साहनी उपस्थित रहे । सभा को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि बाबा साहब के योगदान को देश कभी नहीं भूल पाएगा उनका दिया संविधान भारत को हमेशा नई दिशा और आगे बढ़ाने की प्रेरणा के साथ सबको साथ में लेकर चलने की भावना से प्रेरित है सबको समान अवसर और बंधुता के साथ सभी की भावनाओं का सम्मान करना हमें यह संविधान सिखाता है साथ ही बाबा साहब का जीवन कठिनाइयों से भरा रहा पर वह अपने आने वाली पीढियां को इन कठिनाइयों से दूर रखना चाहते थे वह नहीं चाहते थे कि उनके आने वाली पीढ़ियां इन कठिनाइयों का सामना करें देश के उन पिछड़े तबको को बाबा साहब मुख्य धारा में लाने के लिए उन्हें हमेशा शिक्षित रहने संगठित रहने और संघर्ष करने की प्रेरणा देते रहे पूरा भारत ही नहीं विश्व उनके इस योगदान को याद करता है।

### कोरबा व रविशंकर नगर जोन में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज नगर पालिक निगम केरबा द्वारा कोरबा जोन एवं रविशंकर नगर जोन में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया गया तथा जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई तथा चुनाव में अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का आग्रह उपस्थित मतदाताओं से किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान से लोग निरंतर जुड़ रहे हैं तथा मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस रखते हुए अभियान संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम केरबा के कोरबा जोन एवं रविशंकर नगर जोन में मतदाता रैली का आयोजन किया गया।

# अजय जाम्वाल ने कोर कमेटी सदस्यों को दिया जीत का मंत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रायपुर जिले की सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों की कोर कमेटी के सदस्यों और लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक भारतीय जनता पार्टी के एकात्मक परिसर में हुई। इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जाम्वाल की उपस्थिति में संगठन के पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति बनाई गई। बैठक में चुनावी रणनीति एवं उसके क्रियान्वयन हेतु विभिन्न दिशा निर्देश सभी विधानसभाओं के कोर कमिटी सदस्यों और लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों को जाम्वाल द्वारा दिए गए।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जाम्वाल ने बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को संबोधित किया। साथ ही चुनाव संबंधित विशेष दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव संबंधित रणनीति के गुर उपस्थित कार्यकर्ताओं को विस्तार से समझाया। अजय जाम्वाल ने उपस्थित कोर कमिटी सदस्यों को छत्तीसगढ़ में बड़े बहुमत से सरकार बनाने बधाई प्रेषित की।

कहा ये आपके अथक परिश्रम का प्रतिफल ही है, जो हमने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। उन्होंने आगे कहा की लोकसभा चुनाव में भी आपका प्रदर्शन पहले से बेहतर होना चाहिए। आप राजधानी के निवासी हैं पूरा प्रदेश आपका अनुसरण करता है। इसलिए आपको इतनी मेहनत करनी है और ऐसा चुनावी माहौल तैयार करना है की पूरे प्रदेश में आपके द्वारा बनाए गए माहौल का करेंट पहुंचे और अन्य लोकसभाओं में भी आपकी ऊर्जा से प्रेरणा ली जाए।

अजय जांबवाल ने बूथों की ग्रेडिंग करने पर जोर दिया और कहा सबसे पहले कमजोर बूथों को जहां हमें विधानसभा चुनाव में बहुत ही कम मतदान प्राप्त हुआ उन सभी बूथों में विशेष ध्यान देकर उन बूथों को मजबूत करने हेतु कार्य करना चाहिए। इसके लिए सामाजिक और सेवा समूहों से संपर्क स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने बूथों पर 370 की बढ़त को सीमित नहीं अपितु गहरे महत्व का बताते हुए जांबवाल ने कहा 370 मतों और देश में 370 सीटों का बहुमत भारत के भविष्य को निर्धारित करेगा इसके बहुतेरे महत्व है आपको इसके गूढ़ अर्थ को समझना होगा और जनता के बीच उसी भावना के साथ पहुंचना होगा। कहा-इस बार हम छत्तीसगढ़ की सभी 11 की 11 सीटों पर जीत हासिल करेंगे।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने उपस्थित कोर कमिटी सदस्यों की पहले उपस्थिति दर्ज की एवं उसके पश्चात उन्हें मार्ग दर्शन प्रदान किया। संगठन महामंत्री पवन साय ने उपस्थित पदाधिकारियों को चुनाव संबंधित प्रदान किए गए विभिन्न दायित्वों को विस्तार से समझाया। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को बताया की आपको दिया गए दायित्व में आपको क्या करना है। पवन साय ने उदाहरण देते हुए कहा की जैसे विधानसभा वार संपर्क प्रमुखों का निर्माण किया गया।

# रायपुर में फिर बढ़ी तपिश पारा पहुंचा 40 डिग्री



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में बदली-बारिश का दौर थम गया है। राजधानी में मौसम पूरी तरह से साफ होने के बाद तापमान फिर ऊंचाइयां छू रहा है। रायपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को रायपुर का मौसम शुष्?क ही रहेगा। सुबह से तीखी धूप निकली हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा।

रायपुर में सुबह से तीखी धूप रही। 60 फीसदी बादल थे। लेकिन दिनभर यहां चिलचिलाती धूप और उमस ने परेशान किया। नमी 71 प्रतिशत तक थी। अधिकतम तापमान रायपुर में 39.8, माना में 39, बिलासपुर में 40.6, राजनांदगांव में 40.5, पेण्ड्रारोड में 38.3, अंबिकापुर में 37.9, जगदलपुर में 39.4 और दुर्ग में 38.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राजधानी में बीती रात न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस था।

मौसम विशेषज्ञ एच.पी. चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ 64 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पूर्वी बिहार से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक झारखंड, उड़ीसा होते हुए है। प्रदेश में 17 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का क्रम लगातार जारी रहने की संभावना है।

# कलेक्टर ने पूजा-पाठ करके मतदान कर्मियों के बस को किया रवाना



श्रीकंचनपथ न्यूज

बीजापुर । लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर का मतदान 19 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से 03 बजे तक मतदान की प्रक्रिया होनी है जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर सभी तैयारियां पूर्ण ही जा चुकी है। जिले में पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है ताकि मतदान शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके।

संसदीय क्षेत्र बस्तर क्रमांक 10 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में मतदान की पूरी तैयारियां की गई है।

बीजापुर जिले के अत्यंत सुदूर एवं संवेदनशील चिन्हाकिंत 76 मतदान केन्द्रों में हेलिकॉप्टर के माध्यम से मतदान दलों की रवानगी सुबह से शुरू हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने मतदान कर्मियों के बस का विधिवत पूजा-अर्चना कर शांतिपूर्ण मतदान के लिए ईश्वर से कामना करते हुए मतदान दलों को हेलीपैड रवाना किया जिसके बाद क्रमशः मतदान दलों को चिन्हाकिंत मतदान केन्द्रों में हेलिकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है।

जिले में कुल 245 मतदान केन्द्रों के लिए 1352 मतदान कर्मी, 60 सेक्टर अधिकारी एवं 67 माईक्रो आर्ब्जवर जिसमें रिजर्व नियुक्त किया गया है। इसी तरह पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती जिले में की गई है ताकि शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हो सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने सभी मतदान कर्मियों को मतदान के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुऐ उनका हौसला बढ़ाया। वहीं मतदान कर्मियों में जोश और उमंग देखने को भी मिला।

# वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों में होम वोटिंग को लेकर रहा काफी उत्साह

श्रीकंचनपथ न्यूज



**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए विशेष पहल की गई है। इसी क्रम में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए ऐसे वोटर्स को आयोग द्वारा डोर टू डोर वोटिंग की सुविधा प्रदान करते हुए डाक मतपत्र से मतदान आज से किया जा रहा है।

जिले के वरिष्ठजन और दिव्यांजन भी उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में मताधिकार प्रयोग कर अपनी जिम्मेदारी का बखूबी ढंग से निर्वहन कर रहे है और आयोग की इस व्यवस्था की सराहना कर रहे है।निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव 2024 में पहली बार 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की।जिले में द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा।इस प्रक्रिया में पोलिंग पार्टियां घर-घर जाकर 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से मतदान करवाया गया। साथ ही निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान के लिए वीडियो रिकार्डिंग भी कराया गया। मतदाताओं ने पूर्ण उत्साह के साथ होम वोटिंग का लाभ उठाया तथा चुनाव आयोग की इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने बुजुर्गों एवं विशेष योग्यजनों को होम वोटिंग की जो सुविधा दी है, वह वास्तव में बहुत ही आरामदायक एवं सुविधाजनक है। उन्होंने आयोग के इस नवाचार की सराहना की।

ग्राम छुरा के 98 वर्षीय वृद्ध बाबूनंदन जायसवाल,हिरन्तिन सिन्हा,मुन्नाबाई ध्रुव ने डाक मतपत्र के जरिए घर में ही अपना वोट डाला।

वहीं फिंगेश्वर के जलवंतिन बाई,ग्राम टेमरा के खगेश्वर प्रसाद बेहरा,ग्राम कोपरा के दिव्यांग दीपक साहू,गरियाबंद के पतिराम जगत,ग्राम सड़क परसुली की रूपौतिन बाई,ग्राम कोचवाय की सुनीति बाई सोम,ग्राम पीपरहट्टा के कुतुबुद्दीन,कसेकेरा की कृष्णा बाई निर्मलकर ने वोट देकर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ये गरियाबंद जिला प्रशासन के लिए अच्छी खबर है। उनकी वोटिंग को बढ़ाने के लिए की गई मेहनत धरातल पर दिख रही है।

### जिला प्रशासन व निर्वाचन अधिकारी को दिया धन्यवाद

होम वोटिंग की सुविधा पाकर ग्राम कोचवाय की सुनीति बाई सोम,छुरा के गणेश राम साहू ने बहुत ही खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया।निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर बैठे मतदान की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने से आज वो वोट डालने में समर्थ हुए हैं।वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि पहले वे मतदान केंद्र में जाकर वोट डालते रहे हैं।लेकिन उम्र अधिक होने की वजह से मतदान केंद्र में जाना एक चुनौती हो गया था।कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन तथा मीडिया के माध्यम से लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसके कारण वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग एवं मतदान के प्रति जागरूक हुए है।

# जैन व्यापार मेला : कुकिंग प्रतिस्पर्धा में महिलाओं ने बनाए लजीज पारंपरिक व्यंजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के 3 दिवसीय जैन व्यापार मेले के दूसरे दिन 16 अप्रैल को भीड़ उमड़ पड़ी। व्यापार मेले की संयोजिका समर्पण सखी महिला मंडल एवं महिला मंडल रायपुर के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मेले के दूसरे दिन प्रदर्शित तरह तरह से हस्त निर्मित सामग्री को देखने स्टॉल में काफी भीड़ रही। महिला मंडल की मंजू सेठिया ने बताया की इस जैन व्यापार मेले में 100 स्टॉल मेले हेतु एवं 10 स्टॉल फूड कोर्ट हेतु बनाए गए है।

मेले में उपस्थित सखी महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू टाटिया एवं समर्पण महिला मंडल की अध्यक्ष प्रियंका लुंकड़ ने बताया की यह जैन व्यापार मेला पिछले 7 वर्षो से लगातार लगाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जैन समाज की वो महिलाए जो घर पर बैठे बैठे या बाहर जाकर कार्य कर रही है। इनको उनकी द्वारा बेची या बनाई जा रही वस्तुओ के लिए उचित बाजार एवं मूल्य प्राप्त हो सके एक ही छत के नीचे सभी की जरूरत का समान उपलब्ध हो सके। मेले में स्टाल हेतु बहुत की काम दाम में स्टाल उपलब्ध करवाए गए है।इस मेले में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलावा पूरे भारत वर्ष से जैन समुदाय के लोग आकर स्टॉल लगाते है। इस वर्ष राजधानी रायपुर के अलावा टाटानगर,जयपुर राजस्थान धमतरी राजिम दुर्ग भिलाई राजनांदगांव बालोद के महिलाओं द्वारा स्टाल लगाए गए है।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की 15 दिवसीय प्रभात फेरी में 16 अप्रैल को सुबह 6.30 प्रभात फेरी लाभांडी पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर लाभांडी से शांति नगर अपार्टमेंट रोमेंसक्यू विला के बाजू लाभांडी में समाप्त हुई। जहा कार्यक्रम संयोजक एवं प्रभारी साधुमार्गी जैन समता युवा संघ, रायपुर के सदस्य के साथ बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।प्रभात फेरी में बच्चो ने धार्मिक एवं सामाजिक संदेश के लिए वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस में भाग लिया।

विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रातः 11:00 जीव दया का कार्यक्रम समरथ महिला मंडल द्वारा सेवा भारतीय मातृछाया कोटा रायपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसमे शोभा गोलछा नेहा श्रीमाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। दोपहर 2 बजे वासुपूज्य मनोहर महिला मंडल, द्वारा कुकिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया है जो की आम्रपाली द्वारा दादाबाड़ी, एम. जी. रोड में आयोजित की जाएगी। 15 अप्रैल को रात 8 बजे जैन दादा बाड़ी में जैन गोट टेलेंट का आयोजन किया था जिसमे जैन समाज के बच्चो ने भाग लेकर अपने अपने अंदाज में अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन में बच्चो द्वारा विभिन्न वाद्ययंत्रों के द्वारा अपनी कला दिखाई। किसी ने नाटक के माध्यम से अनाज एवं भोजन झूठा न छोड़ने का दिया संदेश तो किसी ने जैन ग्रंथ के नाटक के माध्यम से पौराणिक कथा का मंचन किया। आयोजन में बच्चो ने कल्चर डांस की अद्भुत प्रस्तुति भी दी।

### मतदाताओं को बताया गया मतदान का महत्व

**दंतेवाड़ा।** जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी लोक सभा निर्वाचन में मतदान शत प्रतिशत मतदान जागरूकता क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत किरंदुल के बस स्टैंड, फुटबाल ग्राउंड, पोन्दूम, तोयलंका, मोखपाल में स्थानीय लोगों को वोटिंग की महत्व और चुनावी प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गई, साथ ही, उन्हें मतदाता के अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया ताकि वे अपना मतदान सही तरीके से कर सकें। साथ ही लोकतंत्र के महापर्व विषय पर रंगोली, पोस्टर बनाकर सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति संदेश दिया गया। इसी तरह आगामी 19 अप्रैल को मतदान दिवस के परिप्रेक्ष्य में अन्य कई स्थानों पर भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं और पोस्टर, रंगोली बनाकर कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दिखाई जा रही है। ज्ञात हो कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर सघन अभियान चलाये जा रहे हैं।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### बहन की शादी के दिन भाई की मौत, पसरा मातम

**जांजगीर-चांपा ( ए. )।** जिले एफसीआई गोदाम के पास सड़क किनारे तेज रफ्तार बाइक सवार पेड़ से टकरा गया। हादसे में युवक के सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। पूरा मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीडीह का है। मृतक युवक की पहचान मंथन सोल्डे (18) वर्ष निवासी अकलतरा वार्ड नंबर 16 के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक मंथन की बड़ी बहन की शादी समारोह उसके घर पर चल रहा है। हल्दी के बाद वह किसी काम से बाइक से घर से निकला था। जिसकी जानकारी परिवार के किसी अन्य सदस्य को नहीं थी। बताया जा रहा है कि मुरलीडीह के एफसीआई गोदाम के पास पहुंचा था, तभी बाइक की स्पीड अधिक होने से कंट्रोल नहीं कर सका। सड़क किनारे लगे पेड़ से बाइक टकरा गई। इससे मंथन के सिर पर गंभीर चोटें आई। सिर से अधिक खून बह गया था। साथ ही बाइक के भी परखच्चे उड़ गए हैं। रास्ते से आने जाने वाले राहगीरों ने युवक को घायल अवस्था में देखा और डॉयल 112 को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक मंथन के अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने जांच बाद मृत घोषित कर दिया।

### विजिलेंस टीम को जांच में 2700 टन कोयला कम मिला

**अंबिकापुर ( ए. )।** एसईसीएल के रेहर भूमिगत खदान परियोजना में कोयला घोटाला की पांच दिनों तक जांच करने के बाद सीबीआई की टीम वापस लौट गई। इस दौरान दस्तावेजों की जांच व संबंधित अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए। जुलाई 2022 में घोटाला सामने आया था। तब कंपनी की विजिलेंस टीम ने रेहर खदान के कोल स्टॉक की जांच में 2700 टन कोयला कम पाया था। बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की पुष्टि हो जाने के बाद विजिलेंस टीम खदान के दस्तावेजों को जब्त कर अपने साथ ले गई थी। सीबीआई टीम के पहुंचने से दोषी अधिकारियों की धड़कनें बढ़ गई हैं। इससे पहले सीबीआई की टीम छह जनवरी को पहली बार यहां जांच में पहुंची थी दो दिन जांच के बाद लौट गई। टीम दूसरी बार 18 फरवरी को यहां फिर पहुंची और 22 दिनों तक सबूत एकत्र करती रही। अब तीसरी बार 10 अप्रैल को सीबीआई की टीम यहां पहुंची।

# तंत्रा क्लब में लड़के-लड़कियों के बीच हुई मारपीट

## पुलिस की रेड के बाद हुई कार्रवाई, हुड़दंग कर रहे लोग हुए फरार

**बिलासपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित मॉल में संचालित तंत्रा बार में युवक-युवतियों के बीच मारपीट का एक मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि देर रात पुलिस की रेड के बाद हुड़दंग कर रहे लोग फरार हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ की न्यायधानी में देर डांस क्लब में युवक-युवतियों के बीच जमकर मारपीट की खबरें सामने आ रही हैं। बिलासपुर के सिटी सेंटर मॉल में संचालित तंत्रा बार इन दिनों अय्याशी का अड्डा बन गया है। देर रात तक नियम की धज्जियां उड़ाते हुए यहां शराब परोसी जा रही है। इस बीच पुलिस को क्लब में युवक युवतियों के बीच लड़ाई झगड़े की सूचना मिलने के बाद यहां रेड मारी गई है। रेड मारने पर पुलिस का पता चला कि 8 से 10 युवक-युवतियों ने नशे की हालत में क्लब में जमकर मारपीट की हैं। लेकिन जैसे ही उन्हें पुलिस के आने की खबर मिली वह सभी फरार हो गए। लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता



का उल्लंघन करते हुए देर रात तक निर्धारित समय के बावजूद बार में शराब परोसने और बार लाइसेंस के निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के बाद बार संचालकों को सख्त हिदायत भी दी गई है। संचालकों को यह साफ कहा गया है कि निर्धारित समय के बाद बार का संचालन ना करें।

### सरेआम शराब पीते 18 गिरफ्तार

**रायपुर (ए.)।** नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने भाठागांव शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी भूपेंद्र ठाकुर 42 वर्ष व सूरज शरणागत 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी दीपक साहू 24 वर्ष व प्रियांसु साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी खिलावन पटेल 36 वर्ष, द्वारिका साहू 32 वर्ष, भूवन वर्मा 30 वर्ष, शुभम प्रधान 33 वर्ष व गंगाधर पटेल 47 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी मुकेश निर्मलकर 34 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी ठेलू विश्वकर्मा 39 वर्ष, देव सिंह वर्मा 52 वर्ष, लेखराम वर्मा 43 वर्ष, विरेंद्र कन्नौजे 40 वर्ष, शेख जमालूदीन 27 वर्ष व मेघनाथ पटेल 57 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट करने वालों ने की शिकायत

बार में हुई मारपीट में चोटिल हुए युवक और युवती ने बाद में सिविल लाइन थाने पहुंचकर इस बात की सूचना दी और दो ग्रुपों के बीच बार के भीतर हुई इस मारपीट की बात स्वीकार है। बताया जा रहा है कि सबसे पहले बार के अंदर दोनों ग्रुप के बीच विवाद हुआ, उसके बाद बाहर पार्किंग एरिया में दोनों ग्रुप के बीच जमकर मारपीट हुई है। इस मारपीट के बाद पीड़ितों ने थाने पहुंचकर मामले में शिकायत दर्ज कराई है।

### पुलिस ने की कार्रवाई

इस पूरे मामले को लेकर सीएसपी उमेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि देर रात मॉल के बार में तेज आवाज में गाना बजाना के साथ लड़ाई झगड़े की शिकायत मिली थी। इस शिकायत के बाद पुलिस ने मौके में जाकर जांच की तो यह पाया गया की बार संचालक और मैनेजर देर रात तक शराब और चकना परोसने का काम कर रहे थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

# सौम्या को नहीं मिली कोर्ट से राहत



**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाला का मामला में जेल में बंद सौम्या चौरसिया की मुश्किलें कम होने नाम नहीं ले रही है। सुप्रीम कोर्ट से जमानता याचिका खारिज होने और जुर्माना लगने के बाद अब रायपुर के स्पेशल कोर्ट ने जमानत की याचिका को नामंजूर कर दिया है।

कोर्ट ने पूर्व सीएम बघेल की उपसचिव सौम्या चौरसिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे आज खारिज कर दिया है। बता दें कि 16 महीनों से जेल में बंद सौम्या चौरसिया कोल मामले में आरोपी है। इनकी जमानत को लेकर रायपुर के विशेष अदालत में 12 अप्रैल को सेकंड बेल एप्लीकेशन पर सुनवाई हुई है, इस सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिसके बाद उनकी याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### महीनों से जेल में बंद है चौरसिया

छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले को लेकर कांग्रेस सरकार के दौरान मुख्यमंत्री की उपसचिव रही सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया गया था। कोयल मामले को लेकर ईडी ने सौम्या चौरसिया को 2 दिसंबर 2022 में गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ की थी। इस पूछताछ के बाद से सौम्या चौरसिया सेंट्रल जेल रायपुर में बंद है। रायपुर की विशेष अदालत में सौम्या चौरसिया को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल में रखा है। सौम्या चौरसिया अपनी जमानत की याचिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जा चुकी हैं। जहां से सुप्रीम कोर्ट ने चौरसिया की जमानत को खारिज करते हुए कोर्ट में गलत तथ्य पेश करने के कारण उन पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया जा चुका है। वहीं अब रायपुर की विशेष अदालत में सौम्या चौरसिया के वकील के द्वारा लगाई गई दूसरी जमानत याचिका को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### कोयला घोटाले मामले में आरोप

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार में ताकतवर और प्रभावशील अफसर रही सौम्या चौरसिया पर श्वष्ठ ने जांच के बाद छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 रुपए की अवैध उगाही के मामले में पूछताछ की थी। इस कथित कोयले घोटाले एवं मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर श्वष्ठ की रेड के बाद सौम्या चौरसिया की करोड़ों की संपत्ति को सीज करने का काम भी किया गया है। ईडी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में हुए कोयले घोटाले में सौम्या चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है। मामले में किंगपिन सूर्यकांत तिवारी के ऊपर सौम्या चौरसिया का प्रशासनिक सपोर्ट बताया गया है।

### युवक से मोबाइल की लूट

**रायपुर ( ए. )।** काली माता मंदिर के पास ऑटो रिक्सा सवार अज्ञात तीन युवकों ने एक युवक के हाथ से मोबाइल लूटकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र कुमार साहू 45 वर्ष रानीतराई पाटन दुर्ग का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने परिवार के साथ रायपुर के काली माता मंदिर में दर्शन करने आया था। जहां मंदिर के बाहर मोबाइल में बात कर रहा था, तभी ऑटो सवार अज्ञात तीन युवकों ने उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### लाखों रुपए के गांजा के साथ दो युवक पकड़ाए

**रायपुर ( ए. )।** मंदिरहसौद पुलिस ने बस स्टेण्ड के पास लाखों रुपए के गांजा के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 30 किलो 909 ग्राम गांजा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि बस स्टैण्ड रामा पान ठेला के पास दो युवक संदिग्ध दिख रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपियों के पास रखे ट्रॉली व पिट्ठू बैग को चेक किया, तो 30 किलो 909 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत करीब 4 लाख 63635 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी संतोष उर्फ हाडू बंधू बेहरा 25 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# मवेशियों को कत्लखाना ले जा रहे सात तस्कर हुए गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 39 बेजुबानों को कराया मुक्त

**रायगढ़ ( ए. )।** जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत 39 मवेशियों को कत्लगाह ले जाते सात तस्करों को पुलिस ने पाकरगांव-बिरसिंघा जंगल में रात को पकड़ा है। आरोपितों पर पशुक्रूरता की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए बेजुबानों को मुक्त कराया है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल की रात पाकरगांव-बिरसिंघा जंगल के रास्ते से मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते हुए झारखंड, उड़ीसा के बूचड़खाने ले जाते हुए तस्करों को लैलूंगा पुलिस की टीम ने आधी रात को आरोपी उमाशंकर यादव, आशीष कुजूर, बालकुमार यादव, मेघनाथ यादव, सुरेश खलखो, चलित यादव, गेंदराम यादव को दबोचा और उनके कब्जे से 39 मवेशियों को मुक्त कराया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बेजुबानों को बूचड़खाने लेकर जाना बताया जिसके बाद उनके इस कृत्य पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 95/2024 धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्यवाही करते हुए सभी मवेशियों के चारा पानी के लिए नजदीकी गोठान के सुपुर्द किया गया है।

आरोपियों में उमाशंकर यादव पिता चिंतामणी यादव 20 साल, बालकुमार यादव पिता स्व. फोली यादव 20 साल, चलित यादव पिता बुटन यादव 24 साल तीनों निवासी चिडोरा थाना कांसाबेल जिला जशपुर, मेघनाथ यादव पिता जयराम यादव 19 साल, सुरेश खलखो पिता चेपा खलखो 30 साल साल दोनों निवासी किलकिला लकराघरा थाना लैलूंगा, आशीष कुजूर पिता जितेंद्र कुजूर 21 साल निवासी पाराघाटी थाना कापू जिला रायगढ़, गेंद राम यादव पिता पैरमल यादव 27 साल निवासी सुखापाली थाना डभरा जिला सक्ती को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### रायगढ़ व लैलूंगा से बाईक ले उड़े चोर

रायगढ़ (ए.)। जिले में एक बार फिर बाईक चोर गिरोह सात्रिय है। एक ही दिन में दो अलग अलग क्षेत्रों से दो मोटरसायकिल पार होने का मामला सामने आया है। उक्त चोरी की वारदात कोतवाली व लैलूंगा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक सरिया क्षेत्र के कंचनपुर निवासी अजीत सिदार वर्तमान में रायगढ़ के रामगुड़ीपारा में किराये के मकान में रह कर विशाल मेगा मार्ट में काम करता है। बीती रात वह काम कर लौटा और अपनी अपाचे बाईक (क्रमांक सीजी 13 यूबी 2260) को घर के पास खड़े कर सोने चला गया था।

वहीं देर रात उसके अन्य रूम पार्टनर काम कर लौटे तो अजीत ने उनसे बाहर अपनी बाईक खड़े होने के विषय में पूछा, तब रूम पार्टनर ने उसकी बाईक वहां नहीं होना बताया तो आस पास पतासाजी की लेकिन कहीं पता नहीं चलने पर अजीत ने थाने की शरण ली। वहीं दूसरा मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। यूपी के देवरिया जिले का निवासी अभिषेक पाण्डेय पूजा पाठ का काम करता है। बीते दिनों वह लैलूंगा के कृष्णा जायसवाल के घर पूजा करने अपनी मोटरसायकिल एचएफडीलक्स से आया था। वहीं रविवार को वह बाजार पारा में एक गली में बाईक खड़े कर अपने परिचित से मिलने गया था वापस लौट कर देखा तो वहां बाईक नदारद थी। अज्ञात चोर ने दिन दहाड़े बाईक उड़ा ले जाने की रिपोर्ट अभिषेक ने थाने में कराई है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में हुई रिपोर्ट पर भादंवि की धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

# करंट से मृत छात्र के परिजनों को मिला 5 लाख का मुआवजा

भिलाई। श्रमिक यूनियन हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) की पहल फिर एक बार सार्थक हुई है। इस बार फैक्ट्री में काम के दौरान करंट लगने से मृत छात्र के परिजनों को यूनियन की पहल पर जिला व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में फैक्ट्री संचालक से 5 लाख रुपए का मुआवजा मिला है।

इस दौरान एचएमएस यूनियन के छत्तीसगढ़ राज्य कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने फैक्ट्रियों में नियम कानून के पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र भिलाई स्थित साउथ इंडिया इंडस्ट्रीज में 13 अप्रैल की दोपहर को पार्ट टाइम जॉब करने वाले एक कॉलेज के छात्र लक्ष्मण नगर निवासी विकास (19 वर्ष) की करंट लगने से मौत हो गई। शव को मरच्यूरी में लाने के बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। घटना के अगले दिन परिजनों के साथ मृतक छात्र के मोहल्ले के लोग फैक्ट्री के बाहर पहुंचे। वहीं फैक्ट्री संचालक गेट में ताला लगाकर नदारद हो जाने से तनाव की स्थिति बन गई थी। इस बात की जानकारी देते हुए हिंद मजदूर सभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ श्रमिक नेता एचएस मिश्रा को मौके पर बुलाया गया। जिस पर श्री मिश्रा यूनियन के पांच अन्य पदाधिकारियों के साथ पहुंचे। जिला व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पीड़ित परिवार से बातचीत के बाद फैक्ट्री संचालक के समक्ष समझौते की रुपरेखा को सामने रखा। इस दौरान भाजपा नेता मनीष पाण्डेय और जेपी यादव भी मौजूद थे। फैक्ट्री संचालक ने 4 दिन ही फैक्ट्री में काम करने के बाद करंट लगने से मृत छात्र के अंतिम क्रिया कर्म के लिए तत्काल 50 हजार रुपए नकद और साढ़े 4 लाख रुपए का चेक पीड़ित परिवार को मुआवजा स्वरुप सौंपा। इस दौरान तहसीलदार ने दुर्घटना बीमा तथा श्रम विभाग के प्रावधान के तहत और भी सहायता राशि दिलाने का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया है।

## 14 चेक पोस्टों में स्थैतिक निगरानी दल और 12 उड़नदस्ता है सक्रिय

# आधीरात को कलेक्टर-एसपी ने किया चेकिंग पॉइंट का निरीक्षण

**कोरबा ( ए. )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ तिवारी ने बीती रात लोकसभा निर्वाचन के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों और उड़नदस्तों द्वारा जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर की जा रही जांच व कार्यवाही की टोह ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उच्चभट्ठी, उमरेली और लबेद (तुमान) में स्थैतिक निगरानी दल द्वारा जाँच पॉइंट पर की जा रही जांच को न सिर्फ देखा, बल्कि जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने और बरती जाने वाली सतर्कता और सावधानियों को लेकर भी उन्होंने महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए हैं।



### अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं व नकदी, आदि पर है नजर

लोकसभा निर्वाचन के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों और उड़नदस्तों के प्रत्येक दल में एक मजिस्ट्रेट सहित सहायक अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस कर्मी चेक पोस्ट पर कार्यरत हैं। यह दल प्रमुख मुख्य मार्गीय सड़कों, जिले की सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित कर जांच अभियान में जुटा है और अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर भी नजर रख रहा है। जांच किये जाने की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है तथा निर्धारित फार्मेट में दैनिक कार्यकलाप की रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हो रही इस जांच में सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश है।

जिले के लोकसभा क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाएं रखने तथा जांच के लिए कुल 14 चेकपोस्ट बनाएं गए हैं, जहां स्थैतिक निगरानी दल कार्यरत है। यहां तहसीलदारों को नोडल अधिकारी बनाते हुए तीन पाली में प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे, दो बजे से रात्रि 10 बजे और रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे का शिफ्ट निधारित किया गया है। विधानसभा रामपुर अंतर्गत कुदमुरा, ठेंगरीमार, रामपुर, उमरेली, लबेद, उच्चभठ्ठी, कनकी में, कटघोरा विधानसभा अंतर्गत सरईसिंगार, कसियाडीह बेरियर, पाली-तानाखार विधानसभा अंतर्गत लाफा बेरियर, बगदेवा, अमझर, कोरबी बेरियर, मोरगा बेरियर में टीम तैनात है। इसी तरह जिले में उड़नदस्तों द्वारा भी कार्यवाही की जा रही है। एक-एक विधानसभा क्षेत्रों में 3 दल गठित किए गए हैं। यहां भी तीन पालियों में 24 घंटे टीम तैनात है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### नामांकन के तीसरे दिवस 5 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र किया जमा

**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत नामांकन जमा करने के तीसरे दिवस संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 5 नामांकन जमा हुआ, जिसमें बलदेव सिंह साहू निर्दलीय, अशोक जैन निर्दलीय, यशवंत साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सुखदेव टंडन, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, शंकर ठाकुर गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी ने नामांकन पत्र जमा किया। आज नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन एक अभ्यर्थी खिलानंद जसपाल निर्दलीय ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदा। इसी प्रकार अब तक 10 अभ्यर्थियों नें अपना नामांकन पत्र जमा किये। वहीं अब तक 23 लोगों ने नामांकन खरीदी किये है।

### नवरात्र पर सतरुपा शीतला मंदिर में जसगीत-झांकी की मची धूम

**दुर्ग।** कसारीडीह सिविल लाइन स्थित मां सतरूपा शीतला मंदिर में आयोजित जसगीत झांकी कार्यक्रम में समाजसेवी सुरेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मां शीतला के दर्शन कर शहर की सुख समृद्धि के लिए कामना की। जस गीत झांकी कार्यक्रम में समाजसेवी सुरेंद्र शर्मा ने मंदिर में प्रस्तावित भव्य मुख्य प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए 51 हजार रुपए सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन लोक कलाकार शिवाकांत तिवारी ने किया। इस दौरान सतरूपा शीतल सेवा समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र धर्माकर, श्री साई मंदिर समिति के सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, संतोष खिरोडकर, संतोष यदु, अजय सुरपाम, श्रीधर भजने के अलावा मंदिर समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### निर्वाचन कार्य के लिए शंकराचार्य कॉलेज परिसर अधिग्रहित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू कार्य संपादन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सामग्री वितरण/वापसी एवं मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम तथा आवश्यकतानुसार निर्वाचन संबंधी अन्य कार्यों के संपादन हेतु शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी के संपूर्ण परिसर का अधिग्रहण निर्वाचन कार्य समाप्ति अवधि तक के लिए किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी के आदेशानुसार उक्त महाविद्यालय परिसर को निर्वाचन कार्य के लिए संबंधित कार्य विभाग को सुव्यवस्थित आरक्षित रखने एवं भारसाधक अधिकारी का नाम तथा कार्यालय परिसर की चाबी रखने वाले जिम्मेदार अधिकारी का नाम एवं पदनाम सहित जानकारी आज ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने कहा गया है।

### माँ महागौरी की आराधना कर विधायक चंद्राकर ने लिया आशीर्वाद

**दुर्ग।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के शुभ अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों, चिखली, चंगोरी, रसमडा, नगपुरा, कोटनी, चिखली में प्रज्वलित ज्योत ज्वारा का दर्शन कर माता रानी का आर्शीवाद प्राप्त किया और सभी क्षेत्रवासी की सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चिखली सरपंच सुनीता जितेंद्र यादव, कोटनी सरपंच मनोज साहू ,पूर्व सरपंच दिव्या साहू, नंदू निर्मल रूपेश यादव, लाल जी गुप्ता, खोरबहरा साहू, रिग पारकर, नरेन्द्र दुबे रूपेश यादव जितेंद्र वैष्णव व बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

# भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी, सुरक्षित, समृद्ध विकसित भारत की गारंटी: अरुण साव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र 'मोदी की गारंटी' को विकसित भारत का संकल्प पत्र बताते हुए कहा है 76 पन्नों का यह संकल्प पत्र के देशभर से मिले 15 लाख सुझावों का प्रतिबिम्ब है जिसे 24 समूहों में बाँटा गया है। 10 सोशल ग्रुप में गरीब, युवा, मध्यम वर्ग, मछुआरे, वंचित वर्ग, सीनियर सिटीजन, पिछड़े एवं कमजोर वर्ग शामिल हैं। वहीं, गवर्नेंस को 14 सेक्टर्स में बाँटा गया है। श्री साव ने कहा कि संकल्प पत्र में भारत के अन्य देशों से संबंध, आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा, समृद्ध भारत, ईज ऑफलिविंग, विरासत का विकास, गुड गवर्नेस, सुशासन, स्वस्थ भारत, शिक्षा, खेल, सभी सेक्टर्स का विकास, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को रखा है।**




प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मंगलवार को दुर्ग में आहूत पत्रकार वार्ता में कहा कि पूरे देश ने इस बात को माना है कि मोदी की गारंटी, यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी। भाजपा जो कहती है, उसे तो पूरा करती ही है और जो नहीं भी कहती है लेकिन जनता के हित में यदि वे जरूरी होते हैं, तो उसे भी पूरा करके दिखाती है। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए जाने वाला संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। आज देश की जनता को विश्वास है कि यदि मोदी की गारंटी है तो यह पूरा होकर रहेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2014 और 2019 में प्राप्त पूर्ण बहुमत को गांव, गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा और किसान को समर्पित किया। उनके शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण राष्ट्र का विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मज़बूत स्तंभ- युवा शक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब, सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस डिग्निटी ऑफलाइफ, क्वालिटी ऑफलाइफ और निवेश से नौकरी पर है। इस संकल्प पत्र में क्वांटिटी ऑफ अपार्च्युनिटीज और क्वालिटी ऑफ अपार्च्युनिटीज, दोनों पर बहुत जोर दिया गया है। एक तरफ हमने कई सारे इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण से बड़ी संख्या में रोज़गार बनाने की बात की है। दूसरी तरफ़ हम स्टार्टअप और ग्लोबल सेंटर्स को बढ़ावा देकर हाई वैल्यू सर्विसेज़ पर भी ध्यान देने जा रहे हैं। श्री साव ने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो, सस्ती हो। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। अब भाजपा ने यह संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हों, मध्यम वर्ग के हों या फिर उच्च मध्यम वर्ग ही क्यों न हों, उन्हें 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। श्री साव ने कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा भी है। श्री साव ने कहा कि भारत आज वुमैन लेड डेवलपमेंट में दुनिया को दिशा दिखा रहा है। पिछले 10 वर्ष नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारी शक्ति की नई भागीदारी के होंगे। भाजपा का संकल्प, भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। इससे वैल्यू एडीशन होगा, किसान का फायदा बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। ये फूड प्रोसेसिंग प्लांट्स, रूरल इकॉनॉमी के नए ग्रोथ इंजन बनेंगे। श्री साव ने कहा कि भाजपा, विकास भी और विरासत भी के मंत्र पर विश्वास करती है। हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लूर कल्चरल सेंटर्स का निर्माण करेंगे।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि हमारे देश में टूरिज्म के पोटेंशियल को अनलॉक किया जाना बाकी है। भाजपा द्वारा विश्व प्रवासी- ग्लोबल टूरिस्ट्स को हमारी विरासत से जोड़ा जाएगा और इस विरासत को हम वर्ल्ड हेरिटेज से जोड़ेंगे। श्री साव ने कहा कि हमारे देश में अर्बनाइजेशन को पहले की सरकारें चुनौती माना करती थीं। भाजपा इसे अवसर के रूप में देखती है। हम देश में नए-नए सैटलाइट टाउन्स बनाएंगे जो देश के विकास का ग्रोथ सेंटर बनेंगे, रोजगार के नए अवसर बनाएंगे। श्री साव ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनों का सख्ती से पालन करेंगे। वन नेशन वन इलेक्शन लागू करेंगे। सभी स्तर के चुनाव के लिए कॉमन इलेक्टोरल रोल का प्रावधान करेंगे। इसमें कहा है कि नॉर्थ ईस्ट में शांति स्थापित करने और अफस्पा को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए प्रयासों को जारी रखेंगे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि किसानों के लिए हमारी सरकार पीएम किसान योजना से किसानों को मजबूती प्रदान करेगी। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। पीएम फसल बीमा योजना में मजबूती लाई जाएगी। प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। समयबद्ध तरीके से 22 फसलों में एमएसपी में वृद्धि की जाएगी। दाल और खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता हासिल कर सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव प्रारंभ

## 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री साय, उप मुख्यमंत्री शर्मा महावीर जन्म कल्याणक के महोत्सव शामिल होंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब परिसर में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति से बैनर तले जैन समाज की महिलाओं एवं बच्चियों ने आत्म रक्षा का प्रशिक्षण लिया। यह शिविर पांच दिवस 15 से 19 अप्रैल तक चलेगा। आत्म रक्षा के अलग अलग गुर सिखाते हुए प्रशिक्षक अमलेदु तालुकदार ने इस विषय अनेक विधा की जानकारी दी। 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक चलने वाले इस महिला सशक्तिकरण आत्मरक्षा शिविर में बालिकाओं एवं महिलाओं ने अपनी अनेक जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

अनेक विपरीत परिस्थितियों में अपनी रक्षा कैसे करना का ज्ञान अमलेदु तालुकदार से सीखा। कार्यक्रम के प्रारंभ में संत उप प्रवर्तक डॉक्टर सतीश मुनि ने मंगल पाठ के श्रवणकार कर प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया। आज के प्रशिक्षण शिविर में डॉक्टर मानसी गुलाटी विशेष रूप से अतिथी वक्ता के रूप में उपस्थित हुई । डॉक्टर गुलाटी ने कहा परिस्थितियों ऐसी बन गई है की हर समाज की महिलाओं एवं बच्चियों को प्रशिक्षण प्राप्त करना नितांत आवश्यक है जो हमें आत्मनिर्भर बनाने में ऐसा प्रशिक्षण मददगार साबित होगा। डॉक्टर गुलाटी ने महिलाओं एवं बच्चियों की शारीरिक समस्याओं पर भी चर्चा की बच्चों के गर्भ में आने से लेकर 60 साल तक की उम्र तक महिलाओं को अपनी देखरेख कैसी करना है अनेक उदाहरणों के माध्यम से सारगर्भित जानकारी दी और उनके अनेक उपाय बताए जैन समाज के द्वारा इस तरह के आयोजनों पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा जैन बच्ची एवं महिलाएं इस क्षेत्र में आगे बढ़ रही है यह देखकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। महिला सशक्तिकरण के इस शिविर में ऋषभ कोटड़िया, श्रीमती पूजा सतीश बैद, श्रीमती कल्पना ओसवाल, श्रीमती दीपिका साँखला, श्रीमती शिखा पाटनी, सपनाश्री श्रीमाल , अतुल लोढ़ा, प्रचल मरोटी का विशेष सहयोग रहा।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग के बेनर तले समाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हो गया है। इसी क्रम में सकल जैन समाज के सहयोग से सामूहिक सामायिक एवं नवकार महामंत्र का जाप अनुष्ठान तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिदिन अहिंसा यात्रा भगवान महावीर एवं जैन धर्म की जयघोष साथ निकाली जा रही हे जिसमें जैन समाज के सभी वर्ग के लोग बच्चे युवक युवतियां महिलाएं पर चढ़कर सभी आयोजनों में भाग ले रही है। 21 अप्रैल को होने वाले महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, ललीत चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल जन्म कल्याणक के महोत्सव में अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष अजय श्रीमाल, मंत्री चुन्नीलाल जैन एवं आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी ने भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में सकल जैन समाज के सभी लोगों से बढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

# महाअष्टमी पर निगम परिसर माँ दुर्गा मंदिर में हुआ हवन-पूजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम में चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर निगम परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर में महाअष्टमी का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम को विधि विधान से विशेष पूजा अर्चना कर हवन की गई ! माता दुर्गा मंदिर में हवन पूजन सम्पन्न कर सुख समृद्धि की कामना की गई। हवन और पूर्णाहुति के बाद माता स्वरूप कन्याओं को भोजन कराया गया।हवन कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद थे। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के महापर्व पर नगर निगम परिसर में महाप्रसादि का आयोजन कर नव कन्याओं को भोज में आमंत्रित किया गया।प्रसाद वितरण में खीर,पुड़ी,हलवा इत्यादि बनाया गया था।प्रसाद ग्रहण कर निहाल हुए भक्त। कार्यक्रम में मौजूद कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, दुर्गेश गुप्ता,रमाकांत शर्मा,योगेश सूरे, शुभम गोईर,शौएब अहमद, लता यादव,योगेंद्र वर्मा,साक्षी वर्मा, हेमलता वर्मा,दामिनी भुवाल,प्रिंसी सिंह, भुवनदास साहू, ईस्वर वर्मा, मनोहर गोस्वामी,सत्यनाराण शर्मा, रेखा कुर्रे, मुन्ना यादव,चित्रलेखा चन्द्रकर, शशिकांत यादव,बागेश्वर यादव सहित आदि लोग उपस्थित थे।

# आयुक्त चन्द्राकर ने समीक्षा बैठक लेकर मतदान केन्द्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम।लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान केन्द्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा निगम क्षेत्र के मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक लेकर मतदान केन्द्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आयुक्त ने बैठक में मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने विस्तृत दिशा-निर्देश का हवाला देते हुए निगम के अधिकारियों को विभागवार कार्य निर्धारित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिव्यांग, वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अच्छी हालत की पर्याप्त संख्या में ई रिक्शा व व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की बात कही।दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए अधिकारी को दायित्व सौंपी गई है। इसी प्रकार मतदान केन्द्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतिक्षा शेड सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था,दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैम्प और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित करने को कहा। मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग हेतु,मतदान केन्दों पर पधारने वाले दिव्यांग एवं 80 प्लस आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चेयर की व्यवस्था उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात् उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु इ-रिश्ता की व्यवस्था सुनिश्चित करनेआयुक्त ने कहा।उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों का अधिकारी भौतिक सत्यापन करें।

उन्होंने बिजली, पानी,स्वच्छता के साथ दिव्यांग मतदाताओं के लिए एक-एक ट्राइसिकल रखने की व्यवस्था करने भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।इसके लिए सभी जिम्मेदार अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाही पूर्ण करें तथा सभी मतदान केंद्रों में विद्युत,रैम्प, पेयजल, शौचालय,फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था करना सुनिशित करें।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा।गर्मी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पंखों एवं कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी से गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# भारत को जगतगुरु बनाती है कृषि व ऋषि प्रधान पृष्टभूमि: आचार्य शर्मा

## मीनाक्षी नगर दुर्ग में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग का भक्तिमय आयोजन हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** रामनवमी, भारतीय नववर्ष और नवरात्रि जैसे त्योहारों की त्रिवेणी से कृषिप्रधान और ऋषि प्रधान भारत विश्व प्रसिद्ध हुआ। इन पर्वों के द्वारा सूर्य, चन्द्र,धरती, हवा और पानी आदि से हमारी कृषि और ऋषि की संस्कृति फली-फूली। ये पृष्ठभूमि भारत को जगद्गुरु बनाती है। हमारे सांस्कृतिक शब्दार्थ सीताराम, राधेश्याम और मातापिता आदि में तो महिला शक्ति पहले क्रम पर है ही, अपने प्रिय देश को भी हम भारत माता ही कहते हैं।

मां दुर्गा के आशीर्वाद से श्री राम ने रावण का वध किया। उस नवरात्रि के अन्त में दशहरा और इस नवरात्रि के अन्त में रामनवमी आती है। हिन्दू नववर्ष का शुभारम्भ भी उनके राज्याभिषेक दिवस से होता है। बाद में युधिष्ठिर और विक्रमादित्य आदि के प्रसंग भी इससे जुड़े। पूरे देश में युगादि, चेटीचंड, गुड़ी पड़वा और वैशाखी आदि इसी के आसपास मनाये जाते हैं।हिमालय और हिन्द महासागर के पहले और अन्तिम शब्दों से हिन्दू शब्द बना।वह सर्वधर्म समादर करते हुये अनावश्यक हिंसा से दूर रहने के कारण हिन्दू कहलाया।

ये उद्गार हैं धर्म, साहित्य और संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ महेश चन्द्र शर्मा के। देश-विदेश के अनेक सफल शैक्षणिक भ्रमण कर चुके डॉ. शर्मा केसरी नन्दन हनुमान् मन्दिर, मीनाक्षी नगर दुर्ग में धर्मप्रेमी जनों को सम्बोधित कर रहे थे। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आचार्य डॉ. शर्मा ने आगे कहा कि अपने आदर्श चरित्र और देशभक्ति के लिये श्रीराम विश्व वन्दनीय हैं।

रामायण में उन्होंने ही जननी और जन्मभूमि को स्वर्ग से भी महान बताया है। आचार्य शर्मा के उद्बोधन के पूर्व भगवान शिव, श्री राम, दुर्गा और हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। आयोजकों की ओर से जी.एन.वर्मा और पी.आर.साहू ने डॉ महेश शर्मा का सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन बी.के. शर्मा ने किया। इस अवसर पर समर्पण महिला मानस मण्डली ने सुन्दर काण्ड, हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा एवं भजनों का सुमधुर गायन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करदिया। आयोजक संस्था की ओर से अध्यक्ष बी. के.वर्मा ने महिला मानस मण्डली को एक हजार पच्चीस रुपये ( 1025 रु. ) भेंट किये।

इस अवसर पर अध्यक्ष बी.के. वर्मा, टी.के. गजपाल, पूनाराम साहू, एल.एल.निषाद , डॉ.डी. आर.साहू, शीतल प्रसाद,भोज कुमार शर्मा, सी.सी.सूर्यवंशी एवं पी.एस.बघेल समेत बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी सज्जन पूरे समय उपस्थित रहकर कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।

# विधायक गजेंद्र संग कातुलबोर्ड के नागरिकों ने की चाय पे चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कातुलबोर्ड के निवासियों ने विधायक गजेंद्र यादव संग चाय पे चर्चा किये। विकसित भारत, शासन की योजनाओं और नागरिक सुविधाओं को लेकर चर्चा करते हुए नागरिकों ने अपनी समस्याओं का समाधान करने विधायक से अपील किये। चाय पे चर्चा कार्यक्रम के चौथे दिन सामाजिक विषय और छोटी छोटी जरूरतो को बड़ी सहजता से नागरिकों ने अपनी बातों रखे।**



कातुलबोर्ड वार्ड 59-60 के नागरिकों के साथ चाय पे चर्चा में विधायक गजेंद्र यादव को अपने परिवार के सदस्य की तरह वार्ड की मूलभूत समस्याओ से अवगत कराये जिस पर उन्होंने उनकी सभी समस्याओ का निराकरण करते हुए दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विकास की निरंतरता बनाये रखने आशावस्त किये। वरिष्ठ नागरिकों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, नागरिक सुविधाओ और उन्हें अमल में लाने की प्रक्रिया को लेकर चर्चा किये जिस पर विधायक गजेंद्र यादव ने सभी सवालों का जवाब देते हुए शासन का पक्ष रखा। पार्षद शिवेंद्र परिहार व पूर्व पार्षद अल्का बाघमार की उपस्थिति में वार्ड के समस्त नागरिकों ने व्यक्तिगत परिचय देकर सभी ने विधायक का स्वागत अभिनन्दन किये। विधायक गजेंद्र यादव ने समस्त नागरिकों को नवरात्रि के महाअष्टमी की शुभकामनायें दी है। माँ अम्बे का आशीर्वाद हम सभी पर बनी रहे। शहर के मंदिर और घरों में स्थापित ज्योत जांवारा कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने सभी के सुख समृद्धि की कामना किये।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950